दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -311 जबलपुर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव

प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक ले रहे है हिस्सा

मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने किया प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 का शुभारंभ

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्लास्टिक उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह उद्योग का नया क्षेत्र है और इसका बड़ा बाजार है। इस उद्योग में रोजगार की भी बेहतर और बड़े अवसर हैं। प्लास्टिक उद्योग के विकास के लिए इसके दुष्प्रभाव को दूर कर सावधानी रखते हुए आगे बढ़ेंगे। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा। रियूज और वेस्ट मैनेजमेंट की तकनीक को विक?सित करने के लिए वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मदद भी ली जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर में प्रारंभ हुए प्लास्टिक उद्योग सम्मेलन प्लास्टपैक 2025 को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 12 जनवरी तक उद्योग मेले के रूप में चलेगा। इसमें प्लास्टिक उद्योग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियां और 2 हजार से अधिक प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) के सहयोग से हो रहा है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री मधु वर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अभिषेक शर्मा तथा इंडियन प्लास्टपेक फोरम के चेयरमेन श्री सचिन बंसल आदि मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्लास्टिक उद्योग के विकास की प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। इस उद्योग के विकास में पूरी मदद दी जाएगी। बदलते दौर में प्लास्टिक का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। यह जीवन उपयोगी भी है। प्लास्टिक ने अपनी उपयोगिता कोविड काल में साबित की है। यह जीवन रक्षक के रूप में सामने आया है। कोविड के दौरान पीपीई कीट हो या मॉस्क आदि में प्लास्टिक का उपयोग हुआ है। जीवन में इसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता है। प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी हैं। इन दुष्प्रभावों को दूर करने के प्रयास होंगे। पर्यावरण की चिंता भी रखी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति और नई दिशा दी जा रही है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए रिजनल स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित किये जा रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी मिल रहें हैं। प्रदेश में अब तक 6 रिजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित हो चुकी है। इनके माध्?यम से चार लाख करोड़ रूपये का निवेश प्रदेश में आया है। इससे लगभग तीन लाख लोगों को रोजगा मिलेगा। उक्त निवेश से प्रदेश में 200 करोड़ रूपये का राजस्व भी प्राप्त होगा।

एमपी में देश के पहले हाइड्रोजन-सीएनजी वाहन का अनावरण, केन्द्रीय गडकरी बोले इथेनॉल, सीएनजी, ईवी को दे रहे है बढ़ावा

इंदौर. (आरएनएस)। एमपी के इंदौर स्थित पीथमपुर में आज केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश की पहली हाइड्रोजन-सीएनजी बाहा बगी का अनावरण किया. हाइड्रोन-सीएनजी बगी के निर्माण में करीब पांच लाख रुपए का खर्च आया है.

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने देश के पहले हाइड्रोजन-सीएनजी बाजा व्हीकल का अनावरण किया. उन्होंने कहा कि हम लगातार इथेनॉल, बायोडीजल, सीएनजी व इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं. ये वाहन 2 किलोलीटर में 40 किमी तक चलेगा. गडकरी ने आज नेट्रैक्स द्वारा आयोजित बाजा इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत की. इसमें देशभर से 100 से ज्यादा इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र भाग लेने पहुंचे हैं. इसमें ऑफ रोड एटीवी (ऑल.टेरेन व्हीकल) का निर्माण कर परीक्षण से गुजारा जाता है. ये आयोजन पिछले 17 साल से किया जा रहा है. इस मौके पर गडकरी ने कहा कि वाले दिनों में हमारे देश का किसान हमारा ईंधन दाता बनेगा.

मेरे पास इनोवा कार है जो इथेनॉल व बिजली से चल रही है. यह जीरो प्रतिशत प्रदूषण करती है. भारत की सभी बड़ी कंपनियां भविष्य को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल-डीजल के अलावा अन्य ईंधन विकल्पों पर लगातार काम कर रही हैं. उन्होने आगे कहा कि सीएनजी से चलने वाली बाइक बाजार में उपलब्ध हैं. जो एक रुपए प्रति किलोमीटर में चल रही है. हम वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं. महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अभी ट्रैक्टर भी बाजार में उतारा है जो सीएनजी से चल रहा है. पिछले 5 साल में चार करोड़ 50 लाख नौकरियां ऑटो इंडस्ट्री में मिल रही हैं. भारत में महिंद्रा एंड महिंद्रा ऑटो इंडस्ट्री इसमें पहले नंबर पर चल रही है.

इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र प्रज्वल पाल ने बताया कि व्हीकल बनाने में उन्हें दो महीने से ज्यादा का समय लगा. करीब 5 लाख की लागत आई. आज से तीन दिन तक इस वाहन के ब्रेक, स्टीयरिंग व स्पीड सहित अन्य टेस्ट होंगे. यह वाहन 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ऊबड़ खाबड़ पथरीले रास्ते पर चलने में सक्षम है. 2 किलो लीटर हाइड्रो-सीएनजी में यह करीब 40 किलोमीटर तक चलेगा.

छत्तीसगढ़ में कुख्यात नक्सली हिड़मा की बटालियन से मुठभेड़, अब तक 3 को मार गिराया, गोलीबारी जारी

सुकमा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक और मुठभेड़ की सूचना है। अब तक कुख्यात नक्सली हिड़मा की गैंग के तीन सदस्यों के मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है।

सुकमा और बीजापुर जिले की सीमा क्षेत्र में दोनों जिले की जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), कोबरा बटालियन, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) व सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त अभियान में इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। नक्सलियों के बटालियन के साथ मुठभेड़ जारी है। भारी संख्या में सुरक्षाबल जंगल में मौजूद है।

विगत दिनों बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवान और एक वाहन चालक बलिदान हो गए। यह हृदय विदारक घटना प्रदेशवासियों के लिए गहरा शोक लेकर आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा करते हुए बलिदान जवानों को श्रद्धांजलि

अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार नक्सलियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, नक्सलियों का यह कायरतापूर्ण कृत्य निंदनीय है। भाजपा की सरकार जल्द से जल्द उन्हें कड़ी सजा देगी। हमारे वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।यह घटना एक बार फिर नक्सल समस्या की गंभीरता को उजागर करती है और सुरक्षा बलों की चुनौतियों को रेखांकित करती है। प्रदेश की जनता बलिदानी जवानों के बलिदान को कभी भुला नहीं पाएगी।

प्रधानमंत्री ने भारतीय प्रवासियों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन- प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस की पहली यात्रा को हरी झंडी दिखाई

प्रवासी भारतीय सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री, भविष्य युद्ध में नहीं बुद्ध में है

भुवनेश्वर.(आरएनएस)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन किया। दुनिया के विभिन्न हिस?सों से आए सभी प्रतिनिधियों और प्रवासियों का स्वागत करते हुए श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में दुनिया भर में विभिन्न भारतीय प्रवासी कार्यक्रमों में यह उद्घाटन गीत बजाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने ग्रैमी पुरस्कार विजेता कलाकार रिकी केज और उनकी टीम की शानदार प्रस्तुति के लिए उनकी सराहना की। इस गीत में भारतीय प्रवासियों की भावनाओं और संवेदनाओं को दर्शाया गया है। एक वीडियो संदेश में उत्साहपूर्ण और स्नेह से भरे शब्दों के लिए

मुख्य अतिथि, त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू को धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भारत की प्रगति के बारे में भी चर्चा कर रही थीं और उनके शब्दों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों पर प्रभाव डाला। वर्तमान में भारत में जीवंत त्यौहारों और समारोहों को देखते हुए श्री मोदी ने कहा कि कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ हो जाएगा और मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहु के त्यौहार भी आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह प्रसन?नता का वातावरण है। वर्ष 1915 में इसी दिन महात्मा गांधीजी लंबे समय तक विदेश में प्रवास के बाद भारत लौटे थे इसका स?मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि ऐसे अद्भुत समय में भारत में प्रवासी भारतीयों की उपस्थिति ने उत्सव की भावना को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) का यह संस्करण एक और कारण से विशेष है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के कुछ दिनों बाद आयोजित किया गया,

जिनकी दूरदर्शिता प्रवासी भारतीय दिवस के लिए महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, भारत और उसके प्रवासियों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने वाली एक संस्था बन चुकी है। श्री मोदी ने उल?लेख किया कि हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का उत्सव मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। श्री मोदी ने कहा कि ओडिशा की महान भूमि, जहां हम एकत्र हुए हैं, भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में हर कदम पर हम अपनी विरासत देख सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उदयगिरि और खंडगिरि की ऐतिहासिक गुफाओं या कोणार्क के भव्य सूर्य मंदिर या ताम्रलिप्ति, माणिकपटना और पलुर के प्राचीन बंदरगाहों को देखने पर हर कोई गौरवान्वित महसूस करेगा।

मप्र पुलिस की हिरासत में व्यक्ति की गुरुग्राम के होटल से गिरकर मौत

हरियाणा-(आरएनएस)। हरियाणा के सोहना में कथित तौर पर आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े साइबर अपराध के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 23 वर्षीय व्यक्ति की गुरुग्राम में एक होटल की तीसरी मंजिल के कमरे की बालकनी से गिरकर मौत हो गई। हरियाणा पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने भागने की कोशिश की थी और इसी प्रयास में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बिहार के रहने वाले हिमांशु कुमार को मध्य प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने मंगलवार को गिरफ्तार किया था। मध्य प्रदेश ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड लेने के वास्ते अदालत में पेश किए जाने से पहले आरोपी को गुरुग्राम के होटल में रखा गया था। पुलिस ने बताया कि होटल में रहने के दौरान कुमार ने मध्य प्रदेश पुलिस से शौचालय जाने की अनुमति मांगी, लेकिन उसने केबल के सहारे बालकनी से भागने की कोशिश की।

आतिशी ने भाजपा को बताया गाली-गलौज पार्टी, बोलीं- उनके पास दिल्ली के लिए कोई एजेंडा और चेहरा नहीं

नई दिल्ली-(आरएनएस)। सीएम आतिशी ने आज गोविंदपुरी इलाके में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस गाली-गलौज पार्टी के पास दिल्ली के लिए कोई एजेंडा, नैरेटिव या सीएम चेहरा नहीं है। इनका एक ही काम है- अरविंद केजरीवाल को गालियां देना। मुझे लगता है कि दिल्ली के लोगों के लिए निर्णय लेना बहुत आसान होगा। इससे पहले उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि कड़कड़ाती हुई ठंड में, भाजपा की केंद्र सरकार ने, नरेला में झुग्गियाँ तोड़ दीं। महिलाएँ और बच्चे सड़क पर आ गए हैं। भाजपा वाले झुग्गीवासियों से इतनी नफ़रत क्यों करते हैं? आतिशी ने कहा कि थोड़ी देर में नरेला जा रही हूँ। इन झुग्गीवासियों से मिलूँगी। इनकी हर संभव मदद करेंगे। इससे पहले आतिशी ने मुख्यनिर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित हेरफेर पर चर्चा के लिए मिलने का समय मांगा है। इस सीट से 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यह आतिशी का पिछले तीन दिनों में इस मुद्दे पर सीईसी को लिखा गया दूसरा पत्र है। पांच जनवरी को भी आतिशी ने इन कथित अनियमितताओं पर चर्चा के लिए एक मुलाकात का अनुरोध किया था। आतिशी ने अपने इस नये पत्र में नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा फिर उठाया तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त से तत्काल मुलाकात के लिए समय देने का आग्रह किया। पत्र में कहा गया है, ''दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 दिन से भी कम समय बचा है, इसलिए इस मामले पर सर्वोच्च प्राथमिकता से विचार किया जाना चाहिए। हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों को बनाये रखने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग पर भरोसा करते हैं।'' उन्होंने पत्र में कहा, ''एक बार फिर, मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगी कि दिल्ली विधानसभा के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कृपया जल्द से जल्द एक मुलाकात का समय दें।''

गूगल मैप ने फंसा दिया, असम जा रही थी पुलिस, पहुंच गई नागालैंड

नई दिल्ली-(आरएनएस)। हम सभी आए दिन कहीं भी जाने के लिए गूगल मैप का प्रयोग करते हैं। रास्ता नहीं मालूम होने पर ये हमारी परेशानी को कई बार आसान बनाता है। लेकिन कई बार ऐसा भी होता है कि गूगल मैप हमें जहां जाना होता है उसकी बजाए गलत जगह पर लाकर छोड़ देता है। लेकिन गूगल मैप इस बार पुलिस को इस कदर भारी पड़ गया कि उन्हें रातभर बंधक बनकर रहना पड़ा। क्या है पूरा मामला आपको बताते हैं। दरअसल, असम के जोरहाट जिले की पुलिस एक आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। असम पुलिस की 16-सदस्यीय एक टीम छापेमारी के दौरान गूगल मैप्स के जरिये अनजाने में नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों को अपराधी समझकर उनपर हमला कर दिया

विपक्षी गठबंधन में तकरार पर खुलकर बोले उमर अब्दुल्ला

...तो बंद कर दो इंडिया ब्लॉक

नई दिल्ली-(आरएनएस)। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में आप-कांग्रेस के बीच जारी घमासान पर जमकर निशाना साधा है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली में क्या चल रहा है, इसके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता क्योंकि दिल्ली चुनाव से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जहाँ तक मुझे याद है, इंडिया गठबंधन की कोई समय सीमा नहीं थी।

दुर्भाग्य से, इंडिया गठबंधन की कोई बैठक आयोजित नहीं की जा रही है, इसलिए नेतृत्व, एजेंडा या हमारे अस्तित्व के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। यदि यह सिर्फ संसद चुनाव के लिए था तो उन्हें गठबंधन खत्म कर देना चाहिए। वहीं, दूसरी ओर एनसी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जहां तक ??गठबंधन की बात है तो गठबंधन हर चीज में होता है, चुनाव लड़ने तक ही सीमित नहीं है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन देश को मजबूत करने और हमारे देश से इस नफरत को दूर करने के लिए मौजूद है। जो लोग यह सोचते हैं कि यह सिर्फ संसदीय चुनाव के लिए था, उन्हें इस गलतफहमी से बाहर आना चाहिए।

सैय्यद मामूर अली की जमानत खारिज, आर्डिनेंस फैक्टरी पर हमले की साजिश का है आरोप, कोर्ट ने कहा ऐसे मामलों में उदासीनता नहीं दिखाई जा सकती

जबलपुर.(नगर प्रतिनिधि) एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस एसए धर्माधिकारी व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगल पीठ ने जबलपुर निवासी आरोपी सैयद ममूर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी है. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आतंकवाद व गैर-कानूनी गतिविधियों जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति के प्रति अनुचित उदारता नहीं बरती जा सकती. एनआईए की स्पेशल कोर्ट भोपाल ने अप्रैल 2024 में सैयद ममूर अली की जमानत याचिका निरस्त कर दी थी. इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी.

जबलपुर के सैयद ममूर अली को एनआईए की दिल्ली टीम ने 26 मई 2023 को गिरफ्तार किया था.

सैयद पर आरोप है कि उसने आयुध निर्माणी जबलपुर पर हमले की साजिश रची. इसके लिए विस्फोटक सामग्री तैयार करने का आदेश दिया. उसके खिलाफ गैर.कानूनी गतिविधियों की धाराओं में मामला दर्ज है. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि एनआईए की चार्जशीट में आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं.

गवाह व साक्ष्य से पता चला कि सैयद ने सह आरोपियों को घरेलू सामग्री से विस्फोटक बनाने के निर्देश दिए थे. जिससे आयुध निर्माणी पर हमला करने की योजना थी. एनआईए ने आरोपियों की कॉल डिटेल्स भी पेश की हैं. जांच में पाया गया कि सैयद ममूर इस्लामी उपदेशक जाकिर नायक व अन्य वक्ताओं के विचारों से प्रभावित था. उसने धर्म, जिहाद व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों में रुचि दिखानी शुरू की थी. सैयद नियमित रूप से इस्लामी व्याख्यान सुनता और उनके वीडियो देखता था.

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना सिविल लाईन में रात्रि रामप्रसाद जाटव उम्र 44 वर्ष निवासी माण्डवा बस्ती टेण्डर 2 गोरखपुर वर्तमान पता सिंधी केम्प हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपना नया ई रिक्शा बिना नम्बर से 2 सवारी ग्वारीघाट से लेकर जबलपुर रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 तरफजा रहा था तभी दोनों सवारी ने खाना खाने के लिये कहा तो उसने अपना ई रिक्शा रात लगभग 9-45 बजे इंद्रामार्केट पुल नम्बर एक कलारी के आगे लगा दिया तथा वह कलारी दुकान चला गया था लौटकर आकर देखा उसका ई रिक्शा एवं दोनों सवारी नहीं थे

जबलपुर, कटनी, सतना में दबिश देकर पकड़ा, 2 करोड़ रुपए से ज्यादा ठगे हैं

डिजीटल अरेस्ट करने वाले गिरोह के 12 सदस्य गिरफ्तार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर की स्टेट सायबर सेल व एसटीएफ की टीम ने सायबर ठग गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को जबलपुर, कटनी, मैहर व सतना में दबिश देकर पकड़ा है. गिरोह ने अभी तक करीब दो करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है.

बताया गया है कि स्टेट सायबर सेल को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि मध्यप्रदेश में एक ऐसा गिरोह संचालित हो रहा है. ये लोग फोन करने के बाद पहले तो पुलिस अधिकारी बनकर धमकी देते थे. फिर डिजिटल अरेस्ट कर लाखों-करोड़ों रुपए ऐंठते हैं. इसके बाद अधिकारियों ने एक टीम बनाकर जांच शुरु की, जांच के दौरान पता चला कि गिरोह के सदस्य जबलपुर, कटनी, मैहर व सतना में है जो लोगों को डिजीटली अरेस्ट कर रहे है.

जिसपर सायबर सेल व एसटीएफ की 15 सदस्यीय टीम ने चारों स्थानों पर दबिश देते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए दो सप्ताह का रिमांड लिया है.

साइबर टीम ने शुरुआती जांच में पाया कि अभी तक दो करोड़ रुपए से अधिक की ठगी इन साइबर ठगों ने की थी. अधिकारियों का कहना है कि गिरोह में अभी और भी सदस्य है. जिनके बारे में पूछताछ की जा रही है. अभी तक की पूछताछ में यह पता चला कि ये लोग कम पढ़े लिखे व वृद्धजनों को अपना निशाना बनाते है.

गौरतलब है कि साइबर ठगी के दो मामलों में दो बुजुर्गों से करीब 15 करोड़ रुपए के फ्रॉड के मामले सामने आए हैं. दोनों मामले मुंबई के हैं. जालसाजों ने 77 साल की महिला को एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा. ठग ने स्वयं को लॉ एनफोर्समेंट अधिकारी बताकर 3.8 करोड़ रुपए ट्रांसफर कराए थे. वहीं 75 साल के रिटायर्ड शिप कैप्टन को शेयर मार्केट से हाई रिटर्न दिलाने का झांसा देकर फंसाया. इसके बाद अगस्त से नवंबर के बीच 11.16 करोड़ रुपए ठग लिए. एक और मामला सामने आया था जिसमें मऊगंज में एक महिला शिक्षक ने ऑन लाइन फ्रॉड से परेशान होकर अपनी जान दे दी. बदमाश लगातार फोन पर महिला को धमकी देते रहे कि उसने चोरी का सामान मंगाया है, जिससे वह परेशान हो गई थी.

शातिर चोर से 8 लाख रुपए के जेवर बरामद, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर स्थित स्टेट बैंक कालोनी में दिनेश बाजपेई के घर में हुई चोरी की वारदात करने वाले शातिर चोर किशन कुशवाहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी किशन के कब्जे से चोरी किए गए 8 लाख 40 हजार रुपए के जेवर बरामद कर लिए है. वहीं फरार आरोपी सुमित उर्फ बिहारी दाहिया को पकडने के लिए पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. इस आशय की जानकारी पुलिस अधिकारियों ने पत्रकारों को चर्चा के दौरान दी है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्टेट बैंक कालोनी निवासी दिनेश बाजपेई उम्र 62 वर्ष घर में ताला लगाकर 2 जनवरी को परिजनों सहित कार से घूमने के लिए रात 9 बजे के लगभग निकले. इस दौरान अज्ञात तत्व घर के अंदर घुसे और उपर कमरे में रखी आलमारी के लाकर तोड़कर सोने के हार, दो जोड़ी कड़े, एक नथ, दो बंदी, एक पुखराज लगी अंगूठी, 10 अंगूठियां, पांच छोटी बड़ी चेन, 10 झुमके, एक ब्रेसलेट, एक हीरा जढी सोने की अंगूठी, सोने के सभी आभूषण कुल वजनी 160 ग्राम एवं चांदी के लक्ष्मी, गनेण जी, सिंहासन, 10 जोडी पायल, 02 जोडी बडी पायल, 02 करधनए 50 जोडी बिछिया चोरी कर ले गए. देर रात 2 बजे के लगभग दिनेश बाजपेई घर आए तो देखा कि बालकनी में साड़ी बंधी है जो नीचे की ओर लटक रही है. इसके बाद चैनल गेट के ताले खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि हाल के दरवाजा का ताला कुंदा सहित टूॅटा हुआ है, अंदर पत्नी की दोनों आलमारियों के लॉकर खुले, जिसमें रखे जेवर गायब है. घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले जिसके आधार पर पुलिस ने किशन कुशवाहा पिता लिक्खू कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी विनोवा भावे वार्ड कछियाना मोहल्ला थाना पनागर को क्षेत्रीय बस स्टेंड दमोहनाका से पकड़ा और थाना लाकर पूछताछ की तो किशन ने अपने साथी सुमित दाहिया निवासी अमखेरा बस्ती नम्बर एक गोहलपुर के साथ चोरी करना स्वीकारा. पुलिस ने आरोपी किशन की निशानदेही पर चोरी किए गए जेवर कछियाना मोहल्ला पनागर स्थित निर्माणाधीन कमरे में जमीन के नीचे से बरामद किए है. पुलिस को पूछताछ में आरोपी किशन ने बताया कि चोरी किए गए अन्य जेवर व मोटर साइकल सुमित के पास है. पुलिस ने जेवर बरामद कर फरार आरोपी सुमित की तलाश शुरु कर दी है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी किशन कुशवाहा एक शातिर नकबजन एवं वाहन चोर है. जिसके विरूद्ध पनागर, गढ़ा, लार्डगंज, मदनमहल, संजीवनी नगर, गोहलपुर, विजय नगर, मझोली, कटंगी मझगवॉ में 14 अपराध हत्या, लूट, चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अपराध पंजीबद्ध हैं.

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आयुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार मदन महल कृपाल चौक तथा फ्लाई ओवर ब्रिज के आसपास लगभग 12 ठेले टपरे तथा अन्य अतिक्रमण हटाए गए साथ ही तिलवारा घाट में घाट से लगभग 150 अतिक्रमण हटाए गए। दल प्रभारी ब्रज किशोर तिवारी तथा टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का आगमन आज

जबलपुर। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह जी का कल शुक्रवार 10 जनवरी को प्रात: 11:30 बजे दिल्ली से जबलपुर आगमन होगा। श्री सिंह आगमन के पश्चात जबलपुर के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

32 लीटर डीजल जप्त

जबलपुर । थाना प्रभारी बरगी कमलेश चौरिया ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तिखारी में एक युवक अपने घर के आंगन में अवैध रूप से डीजल रखे बेचने के लिये लोगों को उसमें ठहराया जा सके।

उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि विगत वर्ष में शीतऋतु के दौरान आश्रय स्थल में ठहरने वाले लोगों के लिए उनके ठंड के प्रभाव से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में नगर निगम द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने तथा नवाचार के रूप में समस्त आश्रय स्थलों में अलाव के स्थान पर इलेक्ट्रिक रूम हीटर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिससे की आश्रय स्थल में ठहरने वाले हितग्राहियों को ठंड से राहत प्राप्त हो तथा वायु की गुणवत्ता भी नियंत्रित रहे।

बिजली के रेट में प्रस्तावित वृद्धि पर त्वरित सर्वेक्षण 72 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि आयोग के अध्यक्ष पद पर हाईकोर्ट न्यायाधीश की नियुक्ति हो 60 प्रतिशत सीधी सुनवाई वह भी शहर मध्य के हॉल में चाहते हैं

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बिजली कम्पनी द्वारा 7.53 प्र.श. रेट वृद्धि के प्रस्ताव पर लोगों में आक्रोश है। लोगों ने विद्युत नियामक आयोग के कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त की है। यह खुलासा जबलपुर में 4 जनवरी से 8 जनवरी तक किये गये त्वरित सेम्पल सर्वे से सामने आया है।

सर्वे में 72 प्रतिशत लोगों ने आयोग के अध्यक्ष पद पर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज की नियुक्ति होना जरूरी है, यह बताया है। 60 प्रतिशत ने आयोग द्वारा सीधी सुनवाई कर उसे शहर के मध्य के हॉल में करने की जरूरत बताई है। इस सर्वे के आधार पर आज नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, महिला समिति तथा पेंशनर समाज ने मुख्यमंत्री तथा विद्युत नियामक आयोग को जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर डॉ. पी.जी. नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी. के. सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा, सुशीला कनौजिया, उमा दाहिया, माया कुशवाहा, एड. जी.एस. सोनकर, यू.एस. गोंटिया, एन.डी. सोनकर, बिन्द्रा प्रसाद बड़गैंया, पी.एस. राजपूत, विनायक सोरते, गनेश खरे, सुभाष सोनी, दिलीप कुंडे, के.सी. सोनी, एड. ब्रजेश साहू, एन. के. सोनकर आदि उपस्थित थे।

ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए निगमायुक्त ने खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले निराश्रितों के लिए शुरु की नई पहल

रैन बसेरों के अलावा जुगाड़ से कमाल योजना में पुरानी बसों को आश्रय स्थल के रूप में परिवर्तित कर निराश्रितों को आश्रय देने का कार्य जारी

जबलपुर। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की नई पहल के संबंध में उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम सीमा अंतर्गत शीत ऋतु के प्रभाव से बचाव हेतु शहरी बेघरों, फुथपाथ पर रहने वाले आवासहीनों तथा निराश्रित जनों को ठंड के प्रभाव से बचाव हेतु शहर के विभिन्न मुख्य चौराहों एवं स्थानों से खुले आसमान के नीचे रह रहे लोगों को नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में ठहराये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा जुगाड़ से कमाल करते हुए पुरानी बसों एवं अन्य ऐसी बस्तुएँ जिसको आश्रय के रूप में परिवर्तित किया जर सकता हो, को आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं जैसे गद्दे, तकिये, कंबल, चादर इत्यादि से सुसज्जित कर निरश्रित जनों के ठहरने तथा ठंड के प्रभाव से बचाने योग्य बनाया है। उन्होंने बताया कि जुगाड़ से कमाल में परिवर्तित की गई बस को शहर के मुख्य स्थान आई.एस.बी.टी. बस स्टैण्ड पर स्थापित किया गया है ताकि खुले आसमान के नीचे निवास कर रहे निराश्रित

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर क्रमांक जारी क्रमांक	कार्य का नाम	लागत राशि एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2025_UAD_ 394505_1 PRO- 478 09/01/2025	स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड में मिशन कंपाउण्ड के सामने रंगमंच निर्माण कार्य।	02 माह 6.77 लाख	2000/- 6772/-	16.01.2025

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर

जुए के फड़ों पर छापा, 20 जुआड़ी गिरफ्तार नगद 12 हजार 480 रूपये जप्त

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी कुण्डम अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चार पांच व्यक्ति बरगद के पेड़ के नीचे बंजर वाली जमीन मे ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मोम बत्ती के उजाले में जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमश: सुनील उर्फ गुड्डू बर्मन, सौरभ बर्मन, ओमकार झारिया, प्रशांत झारिया, सोनू साहू सभी निवासी कुण्डम बताये जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते ,अधजली मोमबत्ती तथा 4 हजार 360 रूपये जप्त करते हुये धारा 13 जुआ एक्ट के तहत

संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ **M 96**/2024-25 दिनांक 08/01/2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री शुभनय जैन, पिता- श्री नरेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती सरला जैन, पति- श्री नरेन्द्र कुमार जैन** के द्वारा **वार्ड क्रं. 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002150273 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती सरिता सोनी, पति- श्री केशव सोनी के नाम से दर्ज प्लाट नं. 2/144 ए.पी.आर. कालोनी प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित तल मंजिल 1000 व.फु., जिसका मौजा करमेता खसरा नं. 93 एवं 234 का भाग नामांतरण पश्चात् नया खसरा नं. 93/173 एवं खसरा नं. 234/173 डायवर्सन सीट नं. 6 प्लाट नं. 2 का ले आउट प्लाट नं. 2/144 का कुल विक्रय रकवा 2400 व.फु., **विक्रय/क्रय** , संपत्ति **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी (राजस्व) संभाग क्रमांक 15 सुहागी नगर पालिक निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/648/ दिनांक 03.01.2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती वंदना रजक, पति- श्री सुनील रजक** ने मकान नं. 2049,2052 पिन नं.1000458533 **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल टीन शेड 364 व.फु., खुलीभूमि 360 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, नोटरी विक्रय अनुबंध पत्र, आपसी बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2049,2052 हनुमान मंदिर के सामने, दुर्गा मंदिर चुंगी चौकी पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/649/ दिनांक 09.01.2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री रमेश कुमार कुशवाहा, पिता- स्व. श्री बुद्धसेन कुशवाहा** ने मकान नं. टी-5287/1 पिन नं.1000457553 **वार्ड सेठ गोविन्ददास वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 1561 व.फु., खुलीभूमि 2000 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय अनुबंध पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. टी-5287/1 चांदमारी तलैया पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/247 जबलपुर दिनांक 09.01.2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती अर्चना गढ़वाल, पति- श्री दीपक गढ़वाल** ने खसरा नं. 03 **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1004513100, क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/246 जबलपुर दिनांक 09.01.2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती दिव्या सराफ, पति- श्री देवांशु सोनी, 2. श्री देवांशु सोनी, पिता- श्री कैलाश सोनी,** ने मकान नं. 1801/टी **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1000349890, क्षेत्रफल 1105 व.फु., भूतल 840 व.फु., प्रथमतल 460 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/245 जबलपुर दिनांक 09.01.2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती सारिका गुप्ता, पति- श्री नागेश गुप्ता, 2. श्री अनिल कुमार गुप्ता, पिता- श्री मोजीराम गुप्ता** ने खसरा नं. 35/3 **वार्ड राजीव गांधी,** पिन नं. 1000349319, क्षेत्रफल 1560 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-6 नगर निगम जबलपुर

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/199 दिनांक 09.01.2025

भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अरविंद कुमार साहू, पिता- स्व. श्री भगवान दास साहू** ने मकान नं. 1433 , **वार्ड चेरीताल वार्ड,** क्षेत्रफल 850 व.फु., भूतल 850 व.फु., प्रथमतल 850 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर

भोपाल - बिजली उपभोक्ताओं के घरों में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर के परफार्मेंस की एनालिसिस करें। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की विशेषताओं से भी अवगत करायें। उपभोक्ता संतुष्टि में कितना सुधार हुआ है और बिल संबंधी शिकायतों में कितनी कमी आयी है, इसका भी आकलन करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश स्मार्ट मीटर लगाने के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री तोमर ने वर्तमान में एजेंसीवार उपलब्ध स्मार्ट मीटर की संख्या एवं भविष्य के लिये माहवार स्मार्ट मीटर की उपलब्धता की कार्य-योजना के बारे में जानकारी ली।

हिन्दुस्तान दुनिया का सबसे युवा देश और मध्यप्रदेश सबसे युवा प्रदेश

युवा शक्ति राष्ट्र विकास को देगी नई दिशा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वप्न है कि वर्ष 2047 में आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश ही नहीं दुनिया के प्रतिनिधित्व में हिन्दुस्तान के युवाओं की अग्रणी भूमिका हो। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र के विकास को एक नई दिशा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को त्रि-दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2025 के समापन पर टी.टी. नगर स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा महोत्सव के अवसर पर 2 महत्वपूर्ण पार्थ एवं युवा प्रेरक अभियान (%एमपीवायपी%) शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल विभाग द्वारा प्रदेश के ऐसे युवा जो सेना और पुलिस में अपनी सेवाएं देना चाहते हैं, उनके लिए पार्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्रदेश में 10 स्थानों पर इनके प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। यह संस्था स्व-पोषित होगी। इनमें प्रशिक्षणार्थियों को न्यूनतम शुल्क देना होगा। एमपीवायपी अभियान के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास, कॅरियर और रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रदेश के युवा अपनी योग्यता और हुनर को और अधिक तराश कर अपने भविष्य के आधार की नींव को मजबूती प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कला एवं कलाकारों के अद्भुत संगम की प्रस्तुति से मन आनंद प्रफुल्लित हो उठा है, जिसका वर्णन करना मुश्किल है। परम आनंद की अनुभूति है युवा शक्ति में। आज के युवा में कल के विकसित भारत की झलक देखने को मिलती है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत में युवा उत्सव के विजेता सदस्यों द्वारा रंगारंग नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नृत्य नाटिका में कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बुन्देली पार्श्व गायिका के साथ उन्होंने बुन्देली गायन और नृत्य में कलाकारों द्वारा माँ दुर्गा और चण्डी के स्वरूप की अद्भुत प्रस्तुति की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजेता कलाकारों के साथ सेल्फी ली और फोटो खिंचवाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में संभागों की टीमों द्वारा विभिन्न विधाओं में दी गई प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सम्मुख समूह लोकगीत श्रेणी में विजेता सागर संभाग और समूह लोक नृत्य श्रेणी में विजेता ग्वालियर संभाग की प्रस्तुति दी गई। चित्रकला में प्रथम आए जबलपुर संभाग के श्री आयुष कुशवाहा और द्वितीय स्थान पर रही इंदौर संभाग की सुश्री संस्कृति श्रीवास्तव के चित्र का अवलोकन किया। विज्ञान मॉडल श्रेणी में प्रथम आई जबलपुर संभाग की सुश्री पल्लवी ऐडे द्वारा प्रस्तुत ग्लूको ब्रिथे लाइजर और द्वितीय रहे ग्वालियर संभाग के श्री अमन धाकड़ द्वारा प्रस्तुत बॉयोगैस कंप्रेसर के मॉडल का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की तथा दोनों विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि 6 से 8 जनवरी 2025 तक 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन भोपाल में किया गया। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव का विशेष आयोजन किया गया था। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि युवा महोत्सव में चयनित 45 युवा भारत मंडपम नई दिल्ली में 11 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में विकसित भारत के निर्माण में अपने दृष्टिकोण और विचार सांझा करेंगे। इस वर्ष युवा उत्सव के आयोजन में 10 संभागों के 350 प्रतिभागियों ने 7 विधाओं समूह लोकगीत, समूह लोकगायन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, कहानी लेखन एवं कविता लेखन में प्रतिभागिता की। युवा उत्सव में जिला स्तर पर 18 से 26 दिसम्बर तक 10 हजार 500 युवा प्रतिभागी एवं संभागीय स्तर पर 3 से 5 जनवरी 2025 तक 1700 युवाओं ने प्रतिभागिता की थी।

शुरूआत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री श्री सारंग द्वारा स्मृति-चिन्ह एवं पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय एवं अपर मुख्य सचिव खेल श्री मनु श्रीवास्तव, संचालक खेल श्री रवि कुमार गुप्ता तथा बड़ी संख्या में युवा और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

वर्तमान की मांग और भावी संभावनाओं पर कार्ययोजना तैयार करें- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विश्वविद्यालय क्षेत्रीय संसाधनों और परिवेश की संभावनाओं को पहचाने- राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में उच्च गुणवत्ता को लक्ष्य बनाए। लक्ष्य और प्राप्ति के प्रयासों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विश्वविद्यालयों को पर्याप्त स्वायत्ता दी गई है। जरूरी है कि कुलगुरू अपनी क्षमताओं, विश्वविद्यालय के संसाधनों और आस-पास के परिवेश के अनुसार विकास की संभावनाओं की पहचान करें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में अपने सीमित दायरे से बाहर निकलें। वर्तमान की मांग और भविष्य की संभावनाओं पर कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि टॉस्क फोर्स बना कर समय-सीमा में सभी विश्वविद्यालयों की कार्ययोजना तैयार कराई जाए। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री

डॉ. यादव बुधवार को राजभवन में आयोजित शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलगुरूओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कुलगुरूओं से कहा है कि विद्यार्थी कल्याण के विषयों के प्रति संवेदनशील रहें। अभिभावक अपने बच्चें सरकार के भरोसे पर शासकीय विश्वविद्यालयों में भेजते हैं। उनकी देख-भाल पालक के दृष्टिकोण के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि कुलगुरू नियमित आधार पर छात्रावास, मेस, खेल सुविधाओं और कक्षाओं का नियमित निरीक्षण भी करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार की सम्भावनाओं को बढ़ाने वाले पाठ्यक्रमों पर फोकस करें। डिग्री, डिप्लोमा के साथ ही मांग आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ किये जाएं। स्थानीय उद्योगों, व्यवासायिक प्रतिष्ठानों की आवश्यकताओं के अनुसार मानव संसाधन की उपलब्धता के रोजगार लिए संबद्ध विषयों के अध्ययन की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में खेल सुविधाओं की उपलब्धता और उनके उन्नयन के लिए भी विशेष प्रयास करने की जरूरत बताई। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि रेडक्रास की गतिविधियों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक सहभागिता की जाए।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय बहु विषयक आत्मनिर्भर विश्वविद्यालय बनें। परम्परागत विषयों के साथ ही मांग आधारित और रोजगार की उच्च संभावनाओं वाले कोर्स प्रारंभ करने विशेष प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रदान स्वायत्ता के आधार पर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाएं। विद्यार्थियों को प्रवेश की सुविधा, उत्कृष्ट शिक्षा, समय पर परीक्षा और तत्काल परिणाम घोषणा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए। परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के ऑनलाइन मूल्यांकन की व्यवस्था को बढ़ावा दें। इसी तरह प्रवेश के समय ही अंकसूची और डिग्री वितरण के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा किया जाए, जिससे विद्यार्थियों के डीजी लॉकर में उनकी त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित हो।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस एकजुट, कोई विवाद नहीं : कमलनाथ

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस में अंदर खाने चल रही खींचतान की चर्चाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने सफाई दी है। साथ में कहा है कि राज्य में कांग्रेस एकजुट है और किसी तरह का विवाद भी नहीं है। बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई थी और उसके बाद इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कुछ मसलों पर अपनी नाराजगी जताई है। नाराजगी की चर्चाओं के बीच कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए और प्रदेश की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हम सब कांग्रेस जन एक हैं। विवाद का कोई प्रश्न ही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों हुई प्रदेश की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक को लेकर मीडिया में नाराजगी के जो कयास लगाए जा रहे हैं, वह निराधार हैं। ज्ञात हो कि राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष की कमान जब से जीतू पटवारी को सौंपी गई है, उसके बाद से वरिष्ठ नेताओं और नई पीढ़ी के नेताओं के बीच दूरी होने के आरोप लगते रहे हैं। कार्यकारिणी के गठन से लेकर अन्य नियुक्तियों में वरिष्ठ नेताओं की सहमति न लिए जाने की चर्चाएं भी जोरों पर रही। इसी बीच बीते दिनों और राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई और इस बैठक के दौरान कुछ मसलों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक के बाद कुछ ऐसी बातें सामने आई जिसमें कहा गया कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने वरिष्ठ नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की राय को अहमियत नहीं देते हैं। कहा तो यहां तक गया कि कमलनाथ को कार्यक्रमों की जानकारी अखबारों के जरिए मिलती है, जिस पर दिग्विजय सिंह ने भी सहमति जताई, हां यह बात अलग है कि इन नेताओं के बयान खुले तौर पर सामने नहीं आए। यह सारी बातें बैठक में कहे जाने का जिक्र जरूर किया गया और यही कारण है कि अब कमलनाथ को सफाई देना पड़ी है।

सतना एयरपोर्ट बनकर तैयार, जल्द पर्यटकों को मिलेगा हवाई यात्रा का लुत्फ

भोपाल-(आरएनएस) सतना एयरपोर्ट अब पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया है। यह एयरपोर्ट क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस नई पहल से पर्यटकों को सतना और इसके आसपास के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक पहुंचने में आसानी होगी, यहां से जल्द ही पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत उड़ानों का भी संचालन शुरू किया जाएगा। हालाँकि, यहाँ से सप्ताह में दो दिन के लिए वायु सेवा का शेड्यूअल जारी कर दिया गया था, परन्तु सतना एयरपोर्ट के निकट भविष्य में उद्घाटन की वजह से वायु सेवा बुधवार एवं रविवार को सतना की जगह रीवा सिंगरौली से संचालित की जा रही है। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य देश के पर्यटन स्थलों को बेहतर हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करना है। सतना एयरपोर्ट से जुड़ने वाले रूट्स को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को अधिक सुविधाएं मिल सकेगी। सतना एयरपोर्ट के चालू होने से आसपास के पर्यटन स्थलों, जैसे खजुराहो, चित्रकूट, और मैहर मंदिर तक पहुंचना सुगम होगा। यह क्षेत्र धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, और अब देश-विदेश के पर्यटक आसानी से इन स्थलों की यात्रा कर सकेंगे। सतना एयरपोर्ट के शुरू होने से न केवल पर्यटन क्षेत्र में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना में मिलने वाली सब्सिडी से रखा वंचित, सब्सिडी में स्टाम्प लगाने एवं फाईल के बहाने ऐंठे रूपये

बैंक की मनमानी आमजनों पर भारी

भोपाल (निप्र)। बैंक की मनमानी का एक मामला फिर से सामने आया है जहां पत्रकार संदीप आत्मज श्री राजू का परिवार बैंक के चक्कर काट रहा है, बैंक की मनमानी का शिकार हुए पत्रकार द्वारा बताया गया कि उन्होंने गृहम हाउसिंग फाइनेंस जो कि पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फायनैंस से बारह लाख का लोन लिय था साथ ही उन्हें लोन 9.5 प्रतिशत की दर से देने का भरोसा बैंक ब्रांच मैनेजर द्वारा दिया गया था लेकिन वेलकल लेटर में 11.50 प्रतिशत दर्ज होने से उनके द्वारा बैंक में विरोध दर्ज कराया गया था लेकिन ब्रांच मैनेजर द्वारा उन्हें भरोसा दिया गया कि एक वर्ष में ब्याज दर कम कर दी जायेगी लेकिन बैंक द्वारा ब्याज दर कम करने की बजाय उनकी ब्याज दर 15 प्रतिशत तक कर दी गई थी जिसके पश्चात उनके द्वारा आरबीआई गवर्नर सहित कई संस्थानों में बैंक की शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसके पश्चात उनकी ब्याज दर वापस से 11.50 प्रतिशत कर दी गई एवं यह भरोसा दिया गया जल्द से जल्द आपकी ब्याज दर 11.50 से कम कर दी जायेगी।

लेकिन बैंक द्वारा वापस से ब्याज दर कम करने की बजाय ब्याज दर बढा दी गई जिसके पश्चात उनके द्वारा एम.पी.नगर जोन-1 में स्थित गृहम हाउसिंग फाइनेंस के ऑफिस जाकर वहां के मैनेजर प्रतीक जी से बात की गई लेकिन वहां मौजूद मैनेजर द्वारा उनकी सहायता करने की बजाय उन्हें यह कहकर वापस कर दिया गया कि ऑनलाईन शिकायत दर्ज करें इसमें हम कोई मदद नहीं कर सकते, साथ ही आवेदन लेने से मना कर दिया गया, जिसके पश्चात उनके द्वारा कई बार ईमेल के जरिये गृहम हाउसिंग फाइनेंस की ईमेल आईडी customercare@grihumhousing.com, head.customercare @grihumhousing.com एवं ग्राहक सेवा नंबर 1800-266-3204 में सम्पर्क किया गया लेकिन किसी भी प्रकार का कोई समाधान नहीं किया गया एवं साथ ही शिकायत का निराकरण करे बिना शिकायत को बंद कर दिया गया। उनके द्वारा यह भी जानकारी दी गई की बैंक द्वारा जब उन्हें लोन दिया गया था तो प्रधानमंत्री द्वारा मिलने वाली सब्सिडी देने का भरोसा दिया गया था लेकिन बैंक द्वारा उनका आवेदन बैंक से आगे नहीं बढाया गया जिससे वह प्रधानमंत्री योजना अन्तर्गत मिलने वाली सब्सिडी से भी वंचित रह गये। बैंक के ऐसे आचरण एवं प्रताडना के चलते वह आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर है साथ ही उनके द्वारा दिये गये आवेदन में यह बताया गया कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है जिससे वह बैंक के अत्याधिक ब्याज दर के साथ किस्तों का भुगतान करने में असमर्थ है। बैंक की मनमानी के चलते उनके द्वारा फायनैंस मिनिस्टर, आरबीआई गवर्नर सहित राष्ट्रीय आवास बैंक सहित अन्य संस्थाओं में आवेदन प्रेषित करके कार्यवाही की मांग की गई है।

साइटिस प्राणी प्रजातियों का अवैध व्यापार करने वाले सरगना कार्तिक गोयल की जमानत याचिका खारिज

भोपाल (आरएनएस) साइटिस प्राणी प्रजातियों का अवैध व्यापार करने वाले दिल्ली निवासी मुख्य सरगना कार्तिक गोयल की जमानत याचिका सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा 7 जनवरी को विस्तृत सुनवाई के उपरांत खारिज कर दी गयी है।

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश, भोपाल एवं क्षेत्रीय इकाई इंदौर द्वारा 25 मई, 2024 को दुर्लभ जीवित प्राणी इगुआना एवं एंपरर स्कॉर्पियन को जप्त कर वन्य-जीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत पुख्ता दस्तावेज प्राप्त होने पर प्रकरण दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए गिरोह के मुख्य सरगना कार्तिक गोयल को 8 जून, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। सरगना कार्तिक की निशानदेही पर राज्य के बाहर बुलंदशहर उत्तर प्रदेश एवं हैदराबाद तेलंगाना से 40 से अधिक साइटिस प्राणी प्रजातियों को जप्त कर कार्यवाही की गयी। उक्त आरोपी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में जमानत याचिका दायर की थी, जिसे न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया। पूर्व में भी उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश द्वारा 3 बार एवं विभिन्न न्यायालयों द्वारा 3 बार आरोपी की जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है। आरोपी जिला जेल इंदौर में विगत 6 माह से निरुद्ध है।

द एड्रेस कॉलोनी प्रवेश मार्ग का विधि सम्मत हल निकाले -मंत्री श्रीमती गौर

भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा है कि गोविंदपुरा क्षेत्र में आने वाली द एड्रेस कॉलोनी प्रवेश मार्ग का विवाद विधिनुसार हल किया जाये। इस संबंध में उन्होंने बुधवार को मंगालय में एसडीएस कोलार, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम और रहवासियों के साथ संयुक्त बैठक ली।

मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि 13 जनवरी को सभी पक्ष अपने दस्तावेज के साथ एसडीएम कोलार कार्यालय में उपस्थित होंगे। एसडीएम सभी पक्ष की सुनवाई कर सर्वमान्य और विधि सम्मत हल निकालेगें। मंत्री श्रीमती गौर ने निर्देश दिये है कि नगर निवेशक, नगर निगम तथा टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग के अधिकारी संयुक्त रूप से स्थल भ्रमण भी करें। श्रीमती गौर ने स्पष्ट किया की प्रकरण के निराकरण में सभी पक्षों के हितों का ध्यान रखा जाये।

प्रशासनिक निर्णयों में न हो देरी, सभी औपचारिकताएं समय से करें पूर्ण- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग के माध्यम से जारी भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासनिक निर्णयों में किसी प्रकार की देरी न हो और सभी औपचारिकताएं समय पर पूर्ण की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आईपीएचएस मानकों के अनुरूप नवीन स्वीकृत पदों, नवीन स्वास्थ्य संस्थाओं और उन्नत स्वास्थ्य संस्थाओं में रिक्तियों की पूर्ति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नर्सिंग भर्ती और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने

मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया और पैरामेडिकल कॉउंसिल की गतिविधियों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी भर्ती के साथ पदोन्नति के पदों की रिक्तियों पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानव संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित कर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पैरामेडिकल संस्थानों की मान्यता प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की और नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022-23 के पैरामेडिकल विद्यार्थियों की परीक्षाएं पूरी हो चुकी हैं और उनके परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, संचालक स्वास्थ्य श्री दिनेश श्रीवास्तव, संचालक स्थापना श्रीमती मल्लिका नागर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

जब शासन-प्रशासन ने नहीं सुनी तो कर्मचारियों ने हनुमान जी को दिया ज्ञापन

भोपाल(आरएनएस)। कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी बीते पांच दिनों से हड़ताल पर हैं। अपने पत्नी बच्चों सहित कुक्कुट विकास निगम मुख्यालय के सामने धरने पर बैठे हैं। रविवार जब तक शासन प्रशासन ने उनकी मांगे नहीं सुनीं तो टीटी नगर शनि मंदिर प्रांगण में विराजे हनुमान जी को ज्ञापन सौंप दिया। बजरंगबली से शासन-प्रशासन की मांगे पूरी करने के लिए सद्बुद्धि देने की कामना की।



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.

होंडा और निसान के विलय

होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण हैं- कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना। कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम हैं- कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना।

पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं। यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है।

विमान हादसों से कई तरह के सवाल उठा

रजनीश कपूर

ताजा विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे ज् हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए।

सन् 2024 के आखरि़ी सप्ताह में एक के बाद एक कई विमान हादसों की खबर आई। इनमें कई बेक़सूर लोगों ने अपनी जान भी गवाई। परंतु जब भी कोई विमान हादसा होता है संबंधित जाँच विभाग दुर्घटना के कारणों की जाँच में जुट जाते हैं। ज़ाहिर सी बात है कि हादसे के जाँच होना तो लाज़मी है। परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जाँच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक़ लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं

ताज़ा उदाहरण दक्षिण कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर हुए जेजु एयरलाइंस के हादसे का है। इस विमान में 179 यात्रियों और क्रू की दर्दनाक मौत हुई। दक्षिण कोरिया के एविएशन इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा व दर्दनाक हादसा माना जा रहा है। इस हादसे के पीछे पक्षी टकराने का कारण माना जा रहा है। परंतु एविएशन के विशेषज्ञों के मुताबिक़ केवल पक्षी के टकराने से इतना बड़ा हादसा नहीं हो सकता।

ग़ौरतलब है कि जहां-जहां भी एयरपोर्ट बनते हैं वहाँ पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि किसी भी तरह के पक्षियों का बसेरा न बन पाए। एयरपोर्ट की व्यवस्था में जुटे विभाग इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि यदि किसी भी तरह के पक्षी एयरपोर्ट के आसपास दिखाई देते हैं तो वो न सिर्फ़ एटीसी को सावधान करते हैं बल्कि इस बात पर भी ध्यान देते हैं कि पक्षियों को वहाँ से दूर कैसे किया जाए।

जेजु विमान हादसे का वीडियो देखने से यह बात स्पष्ट होती है कि विमान के लैंड होते समय विमान के लैंडिंग गियर खुल नहीं पाए। तेज़ गति के इस विमान को रनवे से फिसलते हुए एक कंक्रीट के ढाँचे में भिड़ते हुए देखा गया, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। दुनिया भर के एविएशन विशेषज्ञों द्वारा एक अन्य कारण पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम को उपयोग में नहीं लाया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसे विमानों के डिज़ाइन में एक विशेषता है कि किसी भी आपात स्थिति में यदि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम काम नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में पायलट के पास एक इमरजेंसी गियर भी होता है जिसकी मदद से विमान के लैंडिंग गियर को खोला जा सकता है।

ऐसा क्या कारण था जो कि इस फ्लाइट के पायलट ने लैंडिंग गियर को नहीं खोल पाया। विमान की बात करें तो इस विमान में भी अन्य विमानों की तरह दो इंजन थे। यदि पक्षी के टकराने से एक इंजन फेल भी हो गया तो भी विमान के पास इतनी पॉवर होती है कि वह उसे सुरक्षित लैंड करवा सके। लेकिन ऐसा क्या हुआ और क्यों हुआ यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगा।

इस विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे मुनाफ़ा कमाने की मंशा से एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा से संबंधित किए जाने वाली नियमित जाँच-परख को केवल औपचारिकता के तहत ही कर रहे हैं क्या एयरलाइन के पायलट अपनी निर्धारित ड्यूटी को ही निभा रहे है या तय समय से अधिक, बिना ज़रूरी विश्राम के विमान को उड़ा रहे हैं यदि इनमें से किसी भी एक सवाल का उत्तर हाँ' है तो यह एक गंभीर विषय है जिसे हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए।

भारत की बात करें तो हमें ऐसे अनेकों उदाहरण मिल जाएँगे जहां देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय और उसके अधीन डीजीसीए किस तरह मामूली सी चूक होने पर किसी एयरलाइन के क्रू को बहुत कड़ी सज़ा देता है और वहीं किसी एयरलाइन की बड़ी-से-बड़ी गलती को भी अनदेखा कर देता है। फिर चाहे वो कोई निर्धारित एयरलाइन कंपनी हो या निजी चार्टर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी।

अमेरिकी आर्थिक नीतियां अन्य देशों को विपरीत रुप से कर सकती है प्रभावित

भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5ए000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70ए500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65ए500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है।

वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अन्य देशों की मुद्राओं की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिर रही है। इससेए विशेष रूप से विभिन्न वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में वस्तुओं के आयात के साथ मुद्रा स्फीति का भी आयात हो रहा है। इन देशों में मुद्रा स्फीति बढ़ती जा रही है और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बार पुन: ब्याज दरों में वृद्धि की सम्भावना भी बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5ए000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70ए500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65ए500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है। अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने के चलते विश्व के लगभग सभी देशों की यही स्थिति बनती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी ओरए अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है एवं अमेरिका को इसे नियंत्रित करने के लिए अपनी आय में वृद्धि करना एवं व्यय को घटाना आवश्यक हो गया है। परंतुए 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयकर में भारी कमी की घोषणा की जाय। डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषण में इसके बारे में इशारा भी किया था।

तो कांग्रेस 2025 बहुत उत्साह से शुरू करती लेकिन कहीं उत्साह नहीं

शकील अख़्तर

अगर हरियाणा नहीं गंवाया होता तो महाराष्ट्र में भी सीन यह नहीं होता। और 2025 कांग्रेस बहुत उत्साह से शुरू करती। लेकिन उत्साह कहीं नहीं है।

भाजपा जिसमें होना चाहिए वह अपनी नकारात्मकता से निकल ही नहीं पा रही। गुजर गए मनमोहन सिंह से घबरा गई। उनके खिलाफ व्हट्सएप मुहिम शुरू कर दी। गांधी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सब खराब हैं। और इनमें सबसे उपर राहुल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल है। इस वर्ष वे बतौर प्रधानमंत्री 11 वर्ष पूरे करेंगे। वे तीसरी बार प्रधान मंत्री बने हैं। मीडिया ने बहुत उछाला कि नेहरू के रिकार्ड की बराबरी।

मगर नेहरू जब तक प्रधनमंत्री रहे 1964 तक तब तक उनके काम ही चर्चा के केन्द्र में रहे। और 27 मई 1964 के बाद आज तक भी वे ही टाक आफ द टाउन (जिसकी हर जगह चर्चा होती है, सिर्फ उसी की बातें होती हैं) हैं।

नया साल शुरू हुआ है। बात तीन बार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम की होनी चाहिए। मगर नेहरू को रिप्लेस करके अगर कोई उस जगह चर्चा के केन्द्र में आता है तो वह फिर राहुल होते हैं।

11 साल से या साढ़े दस साल कहें विपक्ष में ही हैं। मगर चाहे मीडिया हो या सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और या मोदी सरकार सब 2024 के जाने से पहले और 2025 के आने के बाद भी राहुल को ही याद कर रहे हैं।

वह तो हाथ में आया हरियाणा टपका दिया नहीं तो इस समय खाली याद ही नहीं कर रहे होते राहुल दिमाग में छाया होता। फोबिया हो जाता। लोकसभा चुनाव में शानदार ढंग से मोदी जी को 240 पर रोक लिया था।

यह वैसा ही था जैसा 2017 के विधानसभा चुनाव में गुजरात में इसी राहुल ने भाजपा को 99 पर रोका था। मगर कन्सिस्टेन्सी (निरंतरता) जिसे भारतीय क्रिकेट टीम भी बार बार भूल जाती है नहीं रख पाने के कारण फिर अपने विरोधियों को नया मौका दे देती है।

हरियाणा में कांग्रेस ने यही कहा। राहुल ने बहुत लूज शाट खेला था। यह कहकर कि यह आपस में लड़ जाते हैं फिर इन्हें एक करने का काम मेरा है।

गुटबाजी की बात इतनी हल्की नहीं थी कि राहुल इस तरह का केजुअल शाट खेल देते। मगर राजस्थान में भी इस तरह खेला और नतीजा वही हुआ। मैच गंवा दिया।

अब बेलगावी कर्नाटक के सीडब्ल्यूसी में घोषणा की है कि यह साल 2025 संगठन का साल बनाएंगे। देखते हैं! संगठन को लेकर क्या सोच है इनकी।

वैसे तो दो साल से ज्यादा हो गए हैं खरगे जी को अध्यक्ष बने। अब तक तो सब हो जाना चाहिए था। जिनके हेड रोल्स (सख्त सज़ा) होना थे हो जाना चाहिए थे। और जिन नए लोगों को मौका मिलना था मिल जाना चाहिए था।

बेलगावी की सीडब्ल्यूसी में एक बात बहुत खास कही गई है। अगर इन लोगों ने खरगे, राहुल, प्रियंका ने कर दी तो कांग्रेस का रूप चेंज हो जाएगा। वह बात कही गई है कि हम संगठन के लिए लोगों को ढुंढ कर निकालेंगे।

मिल्कीपुर सीट पर योगी और अखिलेश की सियासी टक्कर, दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। यह उपचुनाव 5 फरवरी 2025 को आयोजित होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी 2025 को होगी। इस चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने %मिशन मिल्कीपुर% के तहत पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि यह सीट उनके लिए विशेष महत्व रखती है। अयोध्या में लोकसभा चुनाव 2024 में मिली हार के बाद, योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए सपा के खिलाफ अपने राजनीतिक प्रभाव को मजबूत करने की रणनीति तैयार की है। मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश चंद्र शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और जेपीएस राठौर शामिल हैं। ये सभी मंत्री बूथ स्तर पर बैठकें कर वोट बैंक को मजबूत करने का काम कर रहे

सिकंदर का मुकद्दर एक उत्कृष्ट कृति

पंकज दुबे

निर्देशक नीरज पांडे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे थ्रिलर शैली के मास्टर हैं। सिकंदर का मुकद्दर' एक ऐसी हाइस्ट ड्रामा फिल्म है, जो रोमांचक और गहराई में जाकर सोचने पर मजबूर करती है। अविनाश तिवारी, जिम्मी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों की दमदार अदाकारी और कहानी की पकड़ दर्शकों को फ़िल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगी। घर बैठ कर अपनी सुविधा से ओटीटी पर फ़िल्में देखने का ट्रेंड पिछले साल भी अपने परवान पर रहा। फ़िल्मकारों के लिए भी ये ट्रेंड कई मायनों में वरदान साबित हुआ है।

पहले जिस कंटेंट को परदे पर लाने के लिए फ़िल्मकारों को बड़े सितारों का इंतज़ार रहता था, अब उन्हीं कहानियों को बहुत उम्दा कलाकारों की मदद से फ़िल्मों में तब्दील करने की सुविधा बढ़ गई है 2024 में ओटीटी पर आई सिकंदर का मुकद्दर' ऐसी ही एक कोशिश है। निर्देशक नीरज पांडे ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे थ्रिलर शैली के मास्टर हैं। सिकंदर का मुकद्दर' एक ऐसी हाइस्ट ड्रामा फिल्म है, जो रोमांचक और गहराई में जाकर सोचने पर मजबूर करती है। अविनाश तिवारी, जिम्मी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों की दमदार अदाकारी और कहानी की पकड़ दर्शकों को फ़िल्म खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक याद रहेगी। अपनी सफल फिल्मों जैसे ए वेडनसडे' और स्पेशल 26' की राह पर चलते हुए, नीरज पांडे ने एक ऐसी कहानी गढ़ी है, जो इंसानी महत्वाकांक्षा, नैतिकता और शक्ति पाने की कीमत पर गहराई से रोशनी डालती है।

सिकंदर का मुकद्दर' उनकी जटिल कहानी बुनने की कला का प्रमाण है, जिसमें अप्रत्याशित मोड़, भावनात्मक गहराई और लगातार बढ़ता तनाव शामिल है, यही उनके निर्देशन को ख़ास बनाता है।

फ़िल्म की कहानी सिकंदर (अविनाश तिवारी) के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो एक चालाक और रहस्यमयी मास्टरमाइंड है। वह एक साहसिक डकैती की योजना बनाता है, जो उसका भाग्य हमेशा के लिए बदल सकती है। एक तेज़ी से बदलते और नैतिक दृष्टि से अस्थिर शहरी परिदृश्य में स्थापित यह कहानी धोखा, विश्वासघात और निराशा की परतों के साथ आगे बढ़ती है।

जिम्मी शेरगिल इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक अनुभवी और ईमानदार पुलिस अधिकारी हैं। न्याय के प्रति उनकी निष्ठा उनकी ताकत और कमजोरी दोनों है।

गंगा ने नदी में क्यों बहाए थे अपने 7 पुत्र, महाभारत के इस महान योद्धा से जुड़ी है कथा

महाभारत के सबसे प्रमुख पात्रों में से एक भीष्म पितामह थे। वह महाराज शांतनु और देवी गंगा के पुत्र थे। भीष्म पितामह को अपने पिता शांतनु से इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त हुआ था। जन्म के बाद उनका नाम देवव्रत रखा गया था। लेकिन जीवन भर विवाह न करने की प्रतिज्ञा की वजह से उनका नाम भीष्म पड़ गया। वह एक श्राप के कारण वह लंबे समय तक पृथ्वी पर रहे और अंत समय में उनको असहनीय कष्ट का सामना करना पड़ा था। गंगा ने शांतनु से यह वचन लिया था कि वह उनके किसी भी कार्य में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। शांतनु को इस वचन से बांधने के बाद गंगा ने अपने सातों पुत्रों को नदी में प्रवाहित कर दिया और वह गंगा से कुछ नहीं बोल सके। जब देवी गंगा ने 8वें पुत्र के साथ भी ऐसा करने जा रही थीं, तो शांतनु ने उनको ऐसा करने से रोका और इसका कारण पूछा। तब मां गंगा ने शांतनु को जवाब देते हुए कहा कि वह अपने पुत्रों को ऋषि वशिष्ठ द्वारा बोले गए श्राप से मुक्त कर रही हूं। लेकिन 8वें पुत्र को इस श्राप से मुक्ति नहीं मिल सकी।

दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बना मध्य प्रदेश

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आज़ादी नहीं पहुँची। वह गाँव आज़ाद नहीं है। आज़ादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल क़िले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है।

इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है।

एक तरफ़ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ़ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं।

दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन सरकार चुप्पी साधे है।

सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं।

हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यादा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हें भी आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है।

अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हज़ार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हज़ार 214 मामले दर्ज किए गए।

ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है।

एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट

एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2,521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। इन तीन सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदिवासियों के घर जलाए गए। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज बची ही नहीं है। राज्य में जो हत्याएं और यातनाएं हो रही हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बार-बार बेनकाब हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि पिछले तीन से चार साल में पांच लाख दलित और आदिवासी बहनें गायब हुई हैं।

देशभर में दर्ज हुए 10 हजार से अधिक मामले

देश भर में साल 2022 में एसटी के खिलाफ अपराध के कम से कम 10,064 मामले दर्ज किए गए, जो 14.3त्न की वार्षिक वृद्धि है। इसके साथ ही प्रदेश में इस केटेगरी में क्राइम रेश्यो साल 2021 में 8.4 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 9.6 हो गया है। एससी अपराध की बात की जाए तो सामान्य चोट के 1607 मामलें और गंभीर चोट के 52 तो वहीं, हत्या के 61 मामले सामने आए है। देश का दुर्भाग्य है कि दलितों के साथ अपराध के मामलों में उच्च स्थान पर है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश में भाजपा पिछले 20 वर्षों से सत्ता में है। भाजपा का शासन दलित-विरोधी नीतियों और संविधान-विरोधी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अत्याचारियों को सजा देने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। यह लड़ाई अब केवल अन्याय के खिलाफ नहीं, बल्कि दलितों की गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है।

-:: आज का राशिफल ::-

मेष राशि-आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा आज आपका मन शांत रहेगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं।

दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दांपत्य रिश्ता मजबूत बनेगा,

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप जीवन की नई सीख लेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता हासिल होगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं।

मकर राशि- आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी।

कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था और अब अस्तित्व में नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि इंडिया ब्लॉक वास्तव में लोकसभा चुनावों के लिए बनाया गया था और राष्ट्रीय स्तर पर काम करता है। क्षेत्रीय चुनावों के लिए, पार्टियां आपस में तय करती हैं कि संयुक्त रूप से लड़ना है या अकेले लड़ना है। इससे पहले बुधवार को राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि %सहयोगियों% ने यह निर्णय लिया है कि केवल लोकसभा चुनाव के लिए इंडिया ब्लॉक बनाया जाएगा।

मोदी सरकार का बड़ा फैसला, राजघाट में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती। प्रणब मुखर्जी जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्हें 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कुछ दिनों पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद जब कांग्रेस कार्यसमिति ने एक बैठक कर उनके निधन पर दुख जताया था और उनका स्मारक बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था, तब शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह सवाल भी उठाया था कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया? शर्मिष्ठा ने कहा था कि उन्हें बुरा लगा था जब उनके पिता के निधन के बाद सीडब्ल्यूसी की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। उन्होंने सवाल किया, ''कांग्रेस को इसके लिए जवाब देना होगा। मैं केवल तथ्य बता सकती हूं। लेकिन मैं बस इतना जोड़ना चाहती हूं कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया या ये सरासर लापरवाही थी। इतनी पुरानी पार्टी में क्या परंपराएं हैं?'' शर्मिष्ठा ने तब 'पीटीआई वीडियो' से कहा था, ''यदि संस्थागत स्मृति लोप हुआ है, यदि राहुल गांधी और उनके आसपास के लोग यह नहीं जानते कि कांग्रेस ने ऐसी पूर्व स्थितियों में किस प्रकार कार्य किया, तो यह अपने आप में कांग्रेस के भीतर गंभीर और दुखद स्थिति है।''

कांग्रेस में नेहरू-गांधी परिवार के बाहर के नेताओं के योगदान को मान्यता देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि (पूर्व प्रधानमंत्री) पी वी नरसिंह राव के साथ क्या किया गया था।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस का पूरा तंत्र, यानी उसका सोशल मीडिया, इस मुद्दे पर तथा कुछ अन्य मुद्दों पर मुझे और मेरे पिता को लगातार निशाना बना रहा था। मेरे और सबसे बड़े नेताओं में से एक मेरे पिता के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया, उससे पता चलता है कि कांग्रेस का वास्तव में पतन हो चुका है।''

दिल्ली पुलिस ने अब तक करीब 100 बांग्लादेशियों को किया डिपोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस अवैध रूप से दिल्ली में डेरा जमाने वाले बांग्लादेशियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक दिल्ली पुलिस ने करीब 100 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट कर चुकी है। ये लोग अवैध तरीके से दिल्ली में छिपकर रह रहे थे। वहीं करीब 500 से ज्यादा संदिग्धों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लगातार दूसरे महीने दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशियों पर शुरू की गई अपनी मुहिम जारी रखी हुई है। वहीं दिल्ली पुलिस ने एक और बांग्लादेशी नागरिक को वापस बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। यह व्यक्ति पिछले चार महीनों से अवैध तरीके से दिल्ली में इधर-उधर छिप कर रह रहा था। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने इमोन अली नाम के शख्स को पकड़ा। जांच में पता लगा कि इमोन अली बांग्लादेश के बलियकंदी नरुआ गांव का रहने वाला है।

मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून का नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वागत किया.

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में आगामी बजट के संबंध में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं वित्तीय सलाहकारों के साथ बैठक की अध्यक्षता की.

वी. नारायणन होंगे इसरो के नए प्रमुख, 14 जनवरी को लेंगे एस. सोमनाथ का स्थान

नई दिल्ली (आरएनएस)। वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वह 14 जनवरी को इसरो के मौजूदा प्रमुख एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। इसरो के एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक नारायणन वर्तमान में केरल के वलियामाला में लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, नारायणन ने इसरो में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्हें मुख्य रूप से रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन का विशेषज्ञ माना जाता है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, नारायणन को अगले दो वर्षों तक इन भूमिकाओं में सेवा देने के लिए नियुक्त किया गया है।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 14 जनवरी, 2025 से दो साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष के रूप में वी. नारायणन, निदेशक, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, वलियामाला की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

वे रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन विशेषज्ञ हैं और 1984 में इसरो में शामिल हुए और एलपीएससी के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया। लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, जिसके प्रमुख नारायणन हैं, लॉन्च वाहनों के लिए लिक्विड, सेमी-क्रायोजेनिक और क्रायोजेनिक प्रोपल्शन चरणों, उपग्रहों के लिए रासायनिक और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम, लॉन्च वाहनों के लिए नियंत्रण प्रणाली और अंतरिक्ष प्रणालियों की निगरानी के लिए ट्रांसड्यूसर विकास में लगा हुआ है।

वे प्रोजेक्ट मैनेजमेंट काउंसिल-स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (पीएमसी-एसटीएस) के अध्यक्ष भी हैं, जो सभी लॉन्च वाहन परियोजनाओं और कार्यक्रमों में निर्णय लेने वाली संस्था है, और भारत के नियोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए राष्ट्रीय स्तर के मानव रेटेड प्रमाणन बोर्ड (एचआरसीबी) के अध्यक्ष हैं।

प्रारंभिक चरण के दौरान, उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में साउंडिंग रॉकेट और संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान (एएसएलवी) और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के ठोस प्रोपल्शन क्षेत्र में काम किया। उन्होंने आगे एब्लेटिव नोजल सिस्टम, कम्पोजिट मोटर केस और कम्पोजिट इग्नाइटर केस की प्रक्रिया नियोजन, प्रक्रिया नियंत्रण और प्राप्ति में योगदान दिया।

वर्तमान में, नारायणन लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक हैं, जो इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है। इसका मुख्यालय तिरुवनंतपुरम के वलियामाला में है, जिसकी एक इकाई बेंगलुरू में है।

विपक्ष के नेता देश को कमजोर करने वाले लोगों की आवाज उठाते हैं : सीएम नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। देश के अलग-अलग राज्यों में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान रोहिंग्याओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। हरियाणा सीएम ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि रोहिंग्याओं को कांग्रेस या इंडी गठबंधन के लोग कहीं ना कहीं संरक्षण देते हैं। रोहिंग्या अपने देश में जाएं। हम देखते हैं कि पाकिस्तान में विभाजन के बाद हिंदू समुदाय की स्थिति कितनी बदल गई। बांग्लादेश में क्या स्थिति है। इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन मौन हो जाता है। वह जुबान के ऊपर इलेक्ट्रॉनिक ताला लगा लेते हैं, कुछ नहीं बोलते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यदि केंद्रीय मंत्रिमंडल से कोई नेता छींक देगा तो तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर देते हैं। विपक्ष की ये हालत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नेता लोगों की आवाज नहीं उठाते। वे इस देश को कमजोर करने वाले लोगों की आवाज उठाते हैं। सीएम ने आगे कहा कि पीएम मोदी के द्वारा किए गए अच्छे कामों की भी उन्हें चर्चा करनी चाहिए। इन्हें केंद्र सरकार के काम दिखाई नहीं देते। ये जिन सड़कों के ऊपर से चलते हैं

कांग्रेस नेता अशोक गहलोत, एआईसीसी दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने नई दिल्ली में पार्टी की स्वास्थ्य नीति %जीवन रक्षा योजना% शुरू की, जिसमें 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर दिया जाएगा।

प्रियंका गांधी को दिया इमरजेंसी देखने का आमंत्रण, इंदिरा गांधी की गरिमा पर पूरा फोकस : कंगना रनौत

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेत्री कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। रिलीज से पहले उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को 'इमरजेंसी' के लिए आमंत्रण दिया है। आगामी 'इमरजेंसी' 1975 से 1977 के 21 महीने की अवधि पर आधारित है, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आंतरिक और बाहरी खतरों का हवाला देते हुए पूरे देश में इमरजेंसी की घोषणा की थी। अभिनेत्री ने कहा, मैं संसद में प्रियंका गांधी से मिली थी और पहली बात जो मैंने उनसे कही, वह यह थी कि 'आपको 'इमरजेंसी' देखनी चाहिए'। इस पर उन्होंने कहा, 'हां हो सकता है। तो देखते हैं कि क्या वह फिल्म देखना चाहेंगी। मुझे लगता है कि यह एक प्रकरण और एक व्यक्तित्व का बहुत ही संवेदनशील और समझदारी भरा चित्रण है और मैंने इंदिरा गांधी को बहुत गरिमा के साथ फिल्म में चित्रित करने का बहुत ध्यान रखा है। अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने रिसर्च करना शुरू किया, तो मैंने पाया कि उनके निजी जीवन के बारे में जानने के लिए बहुत सी चाजें थीं। चाहे वह उनके पति, दोस्तों या विवादास्पद समीकरणों के साथ उनका रिश्ता हो।

नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों का जीवन को बर्बाद कर दिया : तेजस्वी यादव

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व डिप्टी सीएम और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की %प्रगति यात्रा% पर जोरदार निशाना साधा।

तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक कार्टून पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, थके हुए मुख्यमंत्री ने रिटायर्ड अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार के युवाओं की आशाओं को निराशाओं में बदल दिया है। विज्ञापनों के माध्यम से सैंकड़ों करोड़ झूठे प्रचार में फूंक रहे है। बिहारियों के जीवन को आबाद करने की बजाय उसे बर्बाद कर दिया है। बिहार की प्रगति को दुर्गति की अग्नि में झोंक दिया है।

बेसुध सरकार और उसके मुखिया के नेतृत्व में एक बरसात में ही सैंकड़ों पुल-पुलिया ढह जाते है। दो दशक से हर प्रकार की परीक्षाएं पेपर लीक और धांधली की भेंट चढ़ाई जा रही है। महंगाई हर घर-हर परिवार को खा रही है। छोटे बड़े व्यवसायों का व्यवसाय बर्बादी के कगार पर है। इनके शासन में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पलायन में बिहार अव्वल है। उल्लेखनीय है कि तेजस्वी यादव लगातार नीतीश सरकार पर हमलावर रहते हैं। हाल ही में उन्होंने बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर एनडीए सरकार पर निशाना साधा था। एक ट्वीट में तेजस्वी ने लिखा कि बेगूसराय में युवक की हत्या, मधेपुरा में किसान की गोली मार हत्या, कटिहार के कोढा में युवक की गोली मार हत्या, मुंगेर के रामनगर में हत्या और सुपौल के नरहिया में युवक की हत्या सहित अन्य अपराध की घटनाओं को लेकर नीतीश सरकार से सवाल पूछे। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर तेजस्वी यादव पूरी तरह से मैदान में हो चुके हैं।

देश के मशहूर एक्टर का भीषण एक्सीडेंट, हवा में उड़े कार के परखच्चे

नई दिल्ली (आरएनएस)। साउथ फिल्मों के अभिनेता 53 वर्षीय अजित कुमार भयंकर हादसे का शिकार हो गए। इस दौरान उनकी कार के परखच्चे उड़ गए। लेकिन गनीमत रही कि उन्हें कोई चोट नहीं आई। दरअसल, अजित दुबई में हो रही कार रेसिंग में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान एक्टर रेसिंग कार में सवार होकर जैसे ही उसे ड्राइव कर रहे थे तो कार के परखच्चे उड़ गए। ये कार दीवार से गोल-गोलकर घूम कर टकराई। इस खौफनाक हादसे को देखकर लोगों की आंखें फटी की फटी रह गईं। इस एक्सीटेंड का भयानक वीडियो अजित कुमार के फैन ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिसमें अजित रेस शुरू होने से पहले प्रैक्टिस कर रहे थे। इसी दौरान उनकी रेसिंग कार का इतना खतरनाक एक्सीडेंट हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर ठीक है और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है। साथ ही उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। अजित की कार का इतना भयंकर एक्सडेंट जिस जिसने भी देखा उसका कलेजा मुंह को आ गया।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ सोनितपुर के तेजपुर में लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (एलजीबीआरआईएमएच) में पुस्तकालय और सूचना विज्ञान केंद्र के उद्घाटन के दौरान रिबन काटा।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के लिए उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

दिल्ली विधानसभा चुनाव में सपा के बाद टीएमसी ने आप पार्टी को समर्थन दिया, केजरीवाल ने कहा- दीदी का आभारी हूं

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने का फैसला किया है।

इसको लेकर दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है।

बता दें कि समाजवादी पार्टी (सपा) के आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की घोषणा के बाद अरविंद केजरीवाल ने अखिलेश यादव का भी आभार व्यक्त किया था। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट कहा था, बहुत-बहुत शुक्रिया अखिलेश जी। आपका हमेशा हमें सपोर्ट और साथ रहता है। इसके लिए मैं और दिल्ली की जनता आभारी है।

भारतीय निर्वाचन आयोग ने बीते मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों ऐलान किया था। इसे बाद से ही दिल्ली का सियासी पारा हाई चल रहा है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है। हालांकि, दिल्ली में कौन जीत दर्ज करेगा ये आठ फरवरी को ही पता चल सकेगा।

मंदिर में उत्सव के दौरान हाथी का उत्पात, लोगों को उठाकर पटका; 20 से अधिक घायल

नई दिल्ली । केरल में मल्लपुरम के तिरूर में एक मंदिर के बाहर हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने अचानक लोगों की भीड़ पर हमला कर दिया। जिस कारण इस हादसे में 20 से अधिक लोग जख्मी हुए है। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

केरल के मल्लपुरम में तिरूर का है। बुधवार रात यहां मंदिर में उत्सव चल रहा था।

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना रांझी में श्रीमती नेहा ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी नागपुर महाराष्ट्र वर्तमान पता बड़ा पत्थर संस्कार मीडिया के पीछे रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पार्लर का काम करती है पहले वह गोंदिया महाराष्ट्र में नौकरी करती थी जहां उसकी पहचान कमल किशोर सेंगर उर्फप्रशांत ठाकुर से हुयी थी को उसने परिवार वालों की सहमति से कमल किशोर सेंगर से प्रेम विवाह किया था शादी के लगभग एक माह बाद से पति कमल किशोर सेंगर उर्फप्रशांत ठाकुर ने काम करना छोड़ दिया था

नगर निगम के संभागीय कार्यालयों के अंतर्गत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविरों में हजारों हितग्राही हुए लाभांवित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर हर हितग्राही तक पहुंचाने के लिए हम निरंतर प्रयास करते हैं। हर सशक्त नागरिक को अपने आस-पास जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने प्रेरित करना चाहिए। हितग्राहियों को नि: शुल्क स्वास्थ्य, राशन और पेंशन के साथ ही शिविर में हर आवश्यक पेपर, समग्र आई डी, आधार कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की गलतियां का सुधार कार्य करवा लेना चाहिए उक्त उद्गार केन्ट विधानसभा के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, वार्ड पार्षद सुश्री कृष्णादास चौधरी ने संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशला रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में आयोजित शिविर में कहे। इसी प्रकार शासन की योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से मिले और हितग्राही इसका लाभ उठा सकें उत्तर-मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं पार्षद हर्षित यादव, शगुफ्ता उस्मानी ने संभाग क्रमांक 5 रतनशी डिसिल्वा स्कूल महात्मा गांधी वार्ड एवं संभाग क्रमांक 12 पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड में आयोजित जनकल्याण शिविर में कहे। इसी प्रकार पनागर विधानसभा के विधायक सुशील तिवारी इन्दू, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती गार्गी रामकुमार यादव ने संभाग क्रमांक 15 सुहागी के वार्ड क्रमांक 76 गुरू गोविंद सिंह स्थित ग्राम पंचायत भवन मढ़ई में आयोजित शिविर को हितग्राही मूलक बताया और कहा कि सरकार की मंशा है कि हर

हितग्राही को शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ मिले। संभाग क्रमांक 14 विजयनगर में पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के अन्तर्गत रद्दी चौकी पार्षद कार्यालय के पास में आयोजित किया गया, इस शिविर में वार्ड पार्षद मोहम्मद शफीक हीरा, संभाग क्रमांक 16 के अंतर्गत रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित तालिबशाह चौक के पास आयोजित शिविर में वार्ड पार्षद सुश्री समरीन कुरैशल ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं जन कल्याण पर्व अंतर्गत रतनशी डिसिल्वा स्कूल महात्मा गांधी वार्ड, वार्ड क्रमांक 76 गुरू गोविंद सिंह, रविन्द्र नाथ टैगोर, रानी लक्ष्मी वार्ड, पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, एवं पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड में आयोजित शिविरों में नगर निगम की हितग्राही मूलक योजनाएं जैसे समग्र आईडी, पेंशन, राशन पात्रता पर्ची, राशन से संबंधित, भवन निर्माण काड, पेंशन योजनना, आयुष्मान कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पी.एम. स्वनिधि, मातृ वंदना योजना, एवं संबल कार्ड से संबंधित, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित, नल कनेक्शन एवं संपत्ति कर जलकर से संबंधित, बिजली विभाग से संबंधित हजारों समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर में पार्षद लखन देवानी, विजय बघेल ''बिज्जू'', पूर्व पार्षद श्रीमती शशि श्रीवास, जनप्रतिनिधि सरफराज खान, मुबीन कुरैशी, शहाबुद्दीन, बब्लू भाई, हैदर भाई, साहिद भाई, अतीक भाई, सलीम बाबा, सैयद मोनिस, नईम शाह, अयूब भाई, शाहजाद अंसारी जबाज भाई, अपर आयुक्त श्रीमति अंजु सिंह, संभागीय अधिकारी श्रीमती चेतना चौधरी, संतोष अग्रवाल, सुदीप पटेल, मयंक चौरसिया, कुलदीप तिवारी, महेन्द्र पाल सिंह उइके, राजस्व निरीक्षक कोणार्क रावत, शिरीष उपाध्याय, प्रमोद श्रीवास्तव, नरेन्द्र सिंह राजपूत, उपयंत्री श्रीमती शिवा तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक सुश्री निष्ठा डोंगरे, स्वप्निल सैनी, जगदीश ठाकुर, गणेश पटैल, राजकुमार चौधरी, सुरेन्द्र खबसे, शिविर प्रभारी मन्नू पटेल, योजना लिपिक रश्मि साहू, रोमेश राठोर, राजेश चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी परस्ते, उमेश पगारे, श्रीमती रश्मि आर्मो, सौरभ सिंह धुर्वे, हेमंत तन्तुवय, मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला, पिंटू पटेल, सपन यादव, राज कुमार केशरवानी, प्रसन सोनी वार्ड संयोजक, सुनील जैन, ह्रदेश महाराज, श्रीनाथ यादव, नीतू केशरवानी, आनंद मिश्रा, सचिन अग्रवाल, समर्थ केशरवानी, प्रभात यादव, दिनेश ठाकुर, अभिषेक रैकवार, तनवीर भाई, शत्रुजंय सिंह, कृष्ण प्रताप, शरद यादव, अशोक पांडे, रेखा सेन, खुशी केशरवानी, कमलेश अहिरवार, राम कुमार धुर्वे, सचिन कोरी, सुजीत साहू, सुश्री गीता नेटी, स्वलिया बानो, नितिन साहू, नरेश चौधरी, नजीर अली, नईम अख्तर, रविन्द्र साहू, सनील साहू, मकसूद अहमद, सोयफ खान, रिजवान मंसूरी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थिति रहे।

कड़कड़ाती ठंड में आधा शहर बूंद बूंद पानी को तरसा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कांग्रेस पार्षद दल के पूर्व पार्षद तेज कुमार भगत,कांग्रेस नेता पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तरुण रोहितास ने नगर निगम महापौर एवं प्रशासन पर जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरा शहर 3 दिनों से बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहा है उसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है।न महापौर को शहर की चिंता है और न ही नगर निगम आयुक्त को 3 दिनों से शहर प्यासा है और जिम्मेदार कुंभकर्णीय निद्रा में मग्न है।कांग्रेस नेताओं ने नगर निगम के कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए कहा कि बिना वजह रेत नाका पर लगभग चौथी बार लाइन में लीकेज बनाने को लेकर शेड डाउन लिया गया है फिर काम की कोई गारंटी नहीं की लीकेज अब दोबारा नहीं होगा।ऐसे शट डाउन से अधिकारी को कमीशन की लम्बी रकम मिलती है।इसलिए बिना कोई ठोस कारण के ह्यद्धह्लह्लस्रश्र2ठ्ठ ले लिया जाता है और जनता को परेशानी उठाने के लिए छोड़ दिया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने आवश्यक स्थानों पर तत्काल टैंकरों से जलापूर्ति करने की मांग एड तेज कुमार भगत,तरुण रोहितास,दीपक चौधरी,राजू उपाध्याय,भोला कोरी,कृष्णा समन, मलिक अंसारी,शहजाद भाई,दीपांकर सोनकर आदि ने की है।

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावॉट क्षमता की इकाई नंबर 5 ने किया लगातार 100 दिन से ज्यादा विद्युत उत्पादन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों द्वारा लगातार विद्युत उत्पादन करने की श्रृंखला में अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावॉट क्षमता की इकाई नंबर 5 ने लगातार 100 दिन से अधिक विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड कायम किया है। उल्लेखनीय है कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 210 मेगावॉट क्षमता की इकाई विद्युत उत्पादन कर रही हैं। रिकार्ड कायम करने वाली यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है।

यूनिट ने हासिल की उत्पादन की अन्य उपलब्धि?यां- अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावॉट क्षमता की इकाई ने विभिन्न मापदंडों में भी उपलब्धि? हासिल की। इस यूनिट ने 99.4 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 97.05 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.06 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन (एपीसी) की उपलब्धि? हासिल की। यह यूनिट वर्तमान में भी सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है। इसके पहले भी इस इकाई ने दिनांक 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक लगातार 300 दिनों तक विद्युत उत्पादन करने का भी कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि इकाई की स्थापना के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

जनरेटिंग कम्पनी की 10 वीं यूनिट ने हासिल की उपलब्धि- इस वित्तीय वर्ष में मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी की लगातार 100 दिनों से अधिक विद्युत का उत्पादन करने की उपलब्धि हासिल करने वाली यह 10वीं यूनिट है। इस वित्तीय वर्ष में इसके पूर्व 9 इकाईयों ने लगातार 100 दिनों से अधिक विद्युत उत्पादन करने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है।

ऊर्जा मंत्री व अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने दी बधाई-मध?यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि? पर बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे इसी भावना से कार्य करते हुए विद्युत उत्पादन में नए कीर्तिमान रचेंगे। उनकी बेहतर कार्यनिष्पत्ति? से प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बरकरार हुई है।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट कल्पवास स्थल का पूजन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में निशुल्क माघ मास कल्पवास 10 वे वर्ष के आयोजन का स्थल पूजन 10 जनवरी शुक्रवार एकादशी को प्रात: 7ः00 बजे आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में किया जाएगा ज्ञात हो 13 जनवरी पोष पूर्णिमा शाही स्नान के साथ पंचकोसी परिक्रमा एवं निशुल्क माघ मास कल्पवास का शुभारंभ होगा जो 12 फरवरी माघ पूर्णिमा तक चलेगा उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे कल्पवास प्रमुख पप्पू चौबे सह प्रमुख श्याम मनोहर पटेल प्रशासनिक प्रमुख विनोद दीवान छप्पन भोग प्रमुख मनोज गुलाब बनी ने की है

दुर्घटना के बचाव हेतु एम.पी. ट्रांसको का रोको-टोको अभियान

चायनीज मांझे के ट्रांसमिशन लाइनों से संपर्क में आने से संभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) की ट्रांसमिशन लाइनों के समीप चायनीज मांझे से पतंग उड़ाने के कारण संभावित दुर्घटना की आशंकाओं पर अंकुश लगाने व नागरिकों को सतर्क व सुरक्षित करने प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको ने रोको-टोको अभियान चलाया है। जिसके लिये एम.पी. ट्रांसको ने स्थानीय जिला प्रशासन से चायनीज मांझे के इस्तेमाल पर रोक तथा ट्रांसमिशन लाइनों के समीप के उन क्षेत्रों को संवेदनशील और खतरनाक घोषित करने के लिये पत्र लिखकर अनुरोध किया है, जहाँ दुर्घटनाओं की आशंकाए अधिकतम है। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ ने बताया कि प्रदेश में बहुतायत पतंग उड़ाये जाने वाले संवेदनशील क्षेत्रों में नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क करने के अलावा पोस्टर बैनर एवं पी.ए. सिस्टम के माध्यम से उन्हें सचेत एवं सतर्क किये जाने का अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत के अनावश्यक व्यवधान का सामना न करने पड़े। दरअसल गत वर्ष राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार सहित कुछ स्थानों पर ट्रांसमिशन लाइनों में चायनीज मांझा के साथ पतंग फंसने की घटनाओं के बाद विद्युत व्यवधान हुआ था तथा पतंग उड़ाने वालों को भी नुकसान पहुँचा था। लेकिन एम.पी. ट्रांसको के संवेदनशील प्रोटेक्शन सिस्टम के 100 प्रतिशत ऑपरेट होने से बड़ी जनधन हानि से बचा जा सका था।

क्यों घातक है चायनीज मांझा

चायनीज मांझा चीन से आने वाले धातु से लिपटी पतंग की डोरी होती है। इसमें कई तरह के केमिकल और धातुओं का इस्तेमाल किया जाता है, जो डोरी को बिजली का अच्छा सुचालक बना देता है, जो संपर्क में आने से पतंग उड़ाने वाले के लिये घातक साबित होता है, साथ ट्रांसमिशन लाइन में लिपटने से व्यापक क्षेत्र में विद्युत व्यवधान और जनधन हानि की आशंका रहती है।

जबलपुर के ये है क्षेत्र संवेदनशील

जबलपुर में ऐसे क्षेत्र पोलीपाथर, शास्त्री नगर, करमेता, अधारताल कंचनपुर के क्षेत्र है, जो चाइनीस मांझे के साथ पतंग उड़ाने के प्रति संवेदनशील है।

नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन हुआ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एडवोकेट पंडित राम दुबे नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के संभाग संरक्षक पंडित योगेंद्र दुबे नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ की प्रांतीय संगठन सचिव कपिल आनंद दुबे नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष पंडित अनिल तिवारी जिला सचिव बसंत पांडे नगर निगम इकाई अध्यक्ष हरनारायण पटेल मुकेश रजक, रमेश मिश्रा अजाक्स के प्रांतीय उपाध्यक्ष अजय सोनकर जिला उपाध्यक्ष देवेश चौधरी जिला महासचिव राकेश समुद्रे आपको सादर प्रकाश नाथ पत्र प्रेषित है नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन आज दिनांक 09.01.2025 को संपन्न हुआ जिसमें हमारे आमंत्रित अतिथि गण माननीय महापौर महोदय श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू भैया जी माननीय पूर्व क्षेत्र विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन माननीय लखन गंगोरिया जी माननीय सांसद महोदय जी श्री आशीष दुबे जी माननीय विधायक महोदय श्री अभिलाष पांडे जी माननीय आयुक्त महोदया श्री प्रीति यादव जी माननीय सदन अध्यक्ष आदरणीय श्री रिंकुज बिज जी माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अमरीश मिश्रा जी उपस्थित हुए वार्षिक कैलेंडर में समस्त शासकीय अध्यक्ष अवकाश व्रत त्यौहार के साथ-साथ संगठन की गतिविधियों संबंधित जानकारियां उपलब्ध हैं इस वार्षिक कैलेंडर में जबलपुर संभाग के समस्त सम्मानित जन प्रतिनिधि एवं नगर पालिकाओं के सम्मानित पदाधिकारी का लेख है जिससे संभाग जबलपुर में किसी कर्मचारी को किसी भी पालिका में संपर्क साधने में सुगमता होगी इस कार्यक्रम में सभी इकाइयों के इकाई अध्यक्ष अर्पित दुबे बरेला, सुनील बैरागी भेड़ाघाट, गगन भाई शाहपुरा, दीपेश बबेले पाटन, जुगल किशोर राजपूत, शिवनारायण शुक्ला कटंगी, राम सजीवन चौधरी मंझौली, मनोज खम्परिया, राजेंद्र दुबे सिहोरा, बेड़ी लाल, संतोष कुमार बेलवंशी पनागर व नगर निगम जबलपुर के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पमरे ने नौ माह में लगभग 5977 करोड़ रूपये ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसम्बर माह तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 5976 करोड़ 65 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 1803 करोड़ 93 लाख, माल यातायात से रुपये 3878 करोड़ 40 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 132 करोड़ 17 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 162 करोड 15 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। अकेले दिसम्बर माह में पश्चिम मध्य रेल ने 707 करोड़ 84 लाख रूपये ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 194 करोड़ 72 लाख, माल यातायात से रुपये 489 करोड़ 01 लाख अन्य कोचिंग मद में रुपये 15 करोड़ 12 लाख एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 8 करोड 99 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

यात्री यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं-

? यात्रियों के लिए रेल यात्रा को सुरक्षित और बेहतर बनाया गया। ? स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं। ? पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।? यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। ? पश्चिम मध्य रेल में मिलने वाले प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं। ? अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान कर यात्री ट्रेनों की गति में वृद्धि की गई साथ ही समयपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। माल यातायात में रेलवे राजस्व बढ़ाने के लिए पमरे द्वारा निम्नलिखित प्रयास किये जा रहे हैं-? मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया। ? माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। ? गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल / साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है। ? नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण जैसे अधोसरंचना कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। ? मालगाड़ियों में ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। ? गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है।

पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

सीएम योगी को भेजा पत्र

महाकुम्भ- महामारी से बचने मास्क लगाना अनिवार्य

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अपराधों के नियंत्रण के लिए सक्रिय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने प्रयागराज में महाकुम्भ के दौरान मास्क को अनिवार्य किए जाने की मांग की है. संगठन के जबलपुर अध्यक्ष डाक्टर अजय कुमार वाधवानी, एड. भावना निगम, एड. साक्षी भारद्वाज, डॉ. अभिषेक जैन, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आशीष डेंगरा, एड. विवेक शुक्ला, डॉ. प्रशांत जैन, एड. एनएल गौर, डॉ. आनन्द बहरानी, डॉ. राहुल अग्रवाल आदि ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा है कि महाकुम्भ में भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ेगा, ऐसे में विभिन्न संक्रमण एवं रोगों के खतरे से बचने के लिए जरूरी है कि चेहरे पर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया जाए जिससे लोगों को संक्रमण से बचाया जा सकता है.

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना मदनमहल में मेट्रो अस्पताल से सूचना मिली कि विवेक त्रिवेदी उम्र 43 वर्ष निवासी पटैल नगर अधारताल का दिनांक 3-1-25 को शास्त्रीब्रिज के पास मदनमहल में सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार हेतु भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के दिनांक 6-1-25 की रात्रि लगभग 10-20 बजे मृत्यु हो गयी है। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

स्वच्छता के एक-एक मापदण्डों पर है निगमायुक्त प्रीति यादव की नजर-निगमायुक्त ने आज मॉ नर्मदा के सभी तटों का किया आकस्मिक निरीक्षण

सुबह से ही स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्यो को देखने पहुॅच रहीं हैं वार्डो में निगमायुक्त

स्वच्छता की जानकारी लेने के साथ संसदीय स्टैडिंग कमेटी के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का भी निगमायुक्त ने लिया अधिकारियों के साथ जायजा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत सरकार एवं राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान संभगवार, वार्डवार चलाने के साथ-साथ स्वच्छता के लिए निर्धारित मापदण्डों जैसे सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने संचालित एस.टी.पी. प्लांटों, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, सी एण्ड डी प्लांट, कम्पोस्ट प्लांट, के साथ-साथ पानी के स्त्रोंतों क्रमश: नदी, तालाबों, कुओं, बाबलियों, आदि की व्यवस्थाओं पर भी निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार अपनी नजर बनाकर रखीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव स्वच्छता को लेकर बहुत ही सजग रहते हुए सुबह से ही सर्वेक्षण के कार्यो को देखने लगातार वार्डो में पहुॅच रहीं हैं और साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ अन्य कार्यो पर भी विशेष फोकस कर रही हैं। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ-साथ नदी और तालाबों की सफाई व्यवस्था की भी जानकारी ली और

मॉ नर्मदा के तटों पर जाकर सफाई व्यवस्था का आकस्मिक रूप से अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों के निर्देशित किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत शहर में व्यापक तौर पर व्यवस्थाएॅ संचालित हैं उन सभी व्यवस्थाओं पर सभी संबंधित अधिकारी नजर रखें और संभागों के अंतर्गत आने वाले जल स्त्रोंतों जैसे नदी, तालाबों, कुओं और बाबलियों की भी सफाई कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के अवसर पर निगमायुक्त श्रीमती यादव द्वारा राज्य सभा की संसदीय स्टैडिंग कमेटी के भ्रमण और गौरीघाट में मॉ नर्मदा आरती में शामिल होने आदि कार्यक्रमों की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा पूर्व में ही राज्य सभा के संसदीय स्टैडिंग कमेटी का जबलपुर आगमन से लेकर भ्रमण कार्यक्रम तक सभी आवश्यक व्यवस्थाएॅ सुनिश्चित करने अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री प्रकाश, उपायुक्त, फायर अधीक्षक, स्वास्थ्य अधिकारी, उद्यान अधिकारी, अतिक्रमण अधिकारी, प्र. कार्यालय अधीक्षक निर्देश दिये गए थे, जिसके परिपालन में सभी अधिकारियों द्वारा व्यवस्थाएॅ सुनिश्चित की गई, जिसका जायजा आज निगमायुक्त श्रीमती यादव स्वयं ली। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, संभागीय अधिकारी एवं सहायक अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर एवं स्वास्थ्य अमला आदि उपस्थित रहे।

इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी भगवान अम्बेडकर की पूजा अर्चना 12 जनवरी 2025 को करेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी जबलपुर की बैठक में निर्ण य लिया गया कि दिनांक 12 जनवरी 2025 रविवार को स्वाभिमान समारोह आयोजित क्या जायेगा। स्वाभिमान समारोह डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के सम्मान में आयोजित किया जायेगा। यह आयोजन हाईकोट के समीप तहसील चौक पर डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर दोपहर 2 बजे होगा।

सभी दलि त समाज के साथ ही सभी वर्गों के नागरिकों के द्वारा डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेड कर जी को भगवान की प्रतिमा मानकर उनका पूजन अर्चन और शंख एवं घंटा का शंख नाद किया जायेगा। डॉ. बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर हमेशा से हमारो दिलों में भग वान के रूप में विराजमान है और हमेशा वे भगवान भगवान भगवान भगवान ही रहेंगे। सर्व समाज से इंडियन पीपुल्सअधिकार पार्टी ने अनुरोध किया है कि अधिक-अधिक संख्या पंहुचकर भगवान अम्बेडकर की पूजा अर्चना में सम्मिलित होने का कष्ट करें।

बैठक में डॉ. पुरूषोत्तम तिवारी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. एनपी झारिया आय भोजन संयोजक, पूरनलाल कोरी राष्ट्रीय अध्यक्ष कोरी समाज, डॉ. केएल. कोष्टा, लीलाधर झारिया प्रदेश उपाध्यक्ष, एलडी झारिया, धारा शर्मा, प्रमुख प्रदेश महामंत्री, सोनेलाल कोरी, ओ.पी.बिल्थरिया जिला अध्यक्ष जबलपुर, बलराम श्रीवास्तव महामंत्री जबलपुरा राहुल वर्मा संगठन मंत्री जबलपुर, अरविंद खरे, संतकुमार रजक जिला अध्यक्ष सिवनी, राज झारिया युवा नेता आदि उपस्थित थे।

नर्मदा चेतना जनजागरण अभियान मंडल द्वारा धर्म सेवी देवेंद्र नेमा को सम्मानित किया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नर्मदा चेतना जन जागरण अभियान मंडल जाबालिपुरम् के तत्वावधान में आज नीलेश वीरन चौधरी गली मिलौनीगंज में आयोजित सुंदरकांड पाठ के अवसर पर 35 वर्षों से संस्कारधानी में अनवरत? घरों-घर हरि नाम संकीर्तन,मानस पाठ की अलख जगाने वाले श्रीरामचरितमानस अनुगायक कर्मनिष्ठ,धर्मसेवी कृषि विस्तार-अधिकारी देवेन्द्र कुमार नेमा डी.के. नेमा को उनकी 39 वर्षों की शासकीय-सेवाओं के दायित्व पूर्ण-निष्ठा व ईमानदारी से पूरी करने के साथ विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय योगदान के लिए उन्हें शाल,श्रीफल एवं पुष्पहारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम दरबार के पूजन से हुआ,मंडल द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ के सस्वर-वाचन में एक से बढ़कर एक सुमधुर-भजनों की प्रस्तुति पर सराबोर-भक्तजन खूब आनंदित हुए। इस अवसर पर पवन साहू,मुन्ना पाण्डेय,अक्षय सोनी,मगन विश्वकर्मा,वीरेंद्र नामदेव,अमर सिंग ठाकुर,बजरंगी साहू,गुलशन विश्वकर्मा,नवदीप पटवा, ए आर भावे,अतुल अग्रहरि,आशीष चौरसिया,आदि अनेक धर्मानुरागी जन उपस्थित रहे।

वर्ष भर होंगे विभिन्न आयोजन स्पेशल कवर का होगा प्रकाशन शताब्दी स्तंभ का निर्माण होगा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा होगी स्थापित देश-विदेश से आयेंगे सदस्य

सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन, सिटी बंगाली क्लब 12 जनवरी को शताब्दी समारोह का शुभारंभ

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बंगभाषियों की प्राचीन संस्था सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्ष भर विविध आयोजन होंगे समारोह का शुभारंभ 12 जनवरी विवेकानन्द जयंती दिवस पर सुबह 11.30 बजे प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। यह जानकारी संस्था एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि संस्था की स्थापना बंगाली समुदाय की संस्कृति, कला, भाषा और साहित्य को प्रोत्साहित करने और इस समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से की गई थी। इसका नाम राय बहादुर प्रभात चन्द्र बोस की पत्नी सिद्धि बाला बोस के सम्मान में रखा गया। संस्था की भूमि का पंजीयन 24 जनवरी 1925 को हुआ था। इसके पहले अध्यक्ष राय बहादुर एस एन वराट (1925-1929) और पहले सचिव एन एल मुखर्जी (1925- 1932) थे। इस संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य प्रसिद्ध हस्तियां रहे है जिनमें प्रमुख रूप से पूर्व

राष्ट्रपति स्वर्गीय प्रणव मुखर्जी, राय बहादुर प्रभात चन्द्र बोस, तुलसी दास बैनर्जी, मनोरंजन चटर्जी, डॉक्टर एस सी वराट, डॉक्टर आर एन चटर्जी, डॉक्टर एस के मुखर्जी, डॉक्टर जे बी सेन, डॉक्टर के सी नियोगी, जस्टिस सी पी सेन शामिल है। शताब्दी शुभारंभ कार्यक्रम में शताब्दी गुब्बारा, लोगो, झंडा का लोकार्पण, शताब्दी गीत की लोकार्पण के साथ विशिष्टजनों का सम्मान, शहर के अन्य बंगाली संस्था के पदाधिकारियों का सम्मान के अलावा प्रसिद्ध गायक राजशेखर वासु द्वारा गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा

स्पेशल कवर का प्रकाशन

शताब्दी वर्ष के अवसर पर डाक विभाग द्वारा स्पेशल कवर का प्रकाशन 24 जनवरी को किया जाएगा, शताब्दी वर्ष पौधारोपण, 2 मार्च को प्रसिद्ध नाटक लज्जा का मंचन दिल्ली के नवपल्ली नाटक ग्रुप द्वारा किया जाएगा ड्रामा वर्कशॉप, बांग्ला नाट्य उत्सव, एकांकी नाटक, आवृत्ति (बांग्ला कविता पाठ), जात्रा, साहित्य गोष्ठी, नजरुल गीत, रविन्द्र संगीत, शास्त्रीय संगीत, नाम कीर्तन, भजन संध्या, बांग्ला लोक नृत्य, लोक संगीत, खेलकूद व अन्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा इसके अलावा स्वस्थ कैंप, एम.डी बंगाली स्कूल एवं क्लब का पुनर्मिलन कार्यक्रम के साथ विभिन्न महापुरुषों की जयंती साथ ही इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्यता से आयोजित की जाएगी।

शताब्दी स्तंभ बनेगा

इस अवसर पर संस्था प्रांगण में शताब्दी स्तंभ बनाया जाएगा एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस मौके पर काली मंदिर में आकर्षक लाइटिंग की जाएगी एवं संस्था भवन को सजाया जाएगा उन्मेष ओर यात्री शताब्दी स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। इस बार शताब्दी दुर्गा पूजा भव्यता से मनाने की तैयारी की जा रही है वर्ष भर होने वाले आयोजनों में बांग्ला संस्कृति, कला, संगीत और साहित्य को केंद्र में रखकर कार्यक्रम की रुपरेखा बनाए जा रहे है। इस अवसर पर अध्यक्ष सुब्रत पाल, चेयरमैन प्रोफेसर गायत्री सिन्हा, मुख्य संयोजक डॉक्टर अभिजीत मुखर्जी, सचिव प्रकाश साहा, तृष्णा चैटर्जी, सुरेंद्र पाल, उत्तम नाग, अभिजीत भौमिक, रूपांजलि बैनर्जी, एन एन मुखर्जी, डी के रॉय, सुरजीत गुहा, कार्तिक बैनर्जी, आशीष घोष, अनुराग पाल, आशीष सेन, आर एन दत्ता, नीलाद्री चैटर्जी, चंदन कारफोर्मा, मुकुल घोष, विश्वजीत घोष, शेखर डे, मृतुन्जय पाल, आई बी रुद्रा, संगीता भद्रा आदि उपस्थित थे।

महर्षि महेश योगी वार्ड में निरीक्षण के दौरान 2 किरायेदारी एवं एक मकान में अतिरिक्त निर्माण पाया गया

किरायेदारी एवं भवनों का सत्यापन कार्य जारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम की राजस्व में वृद्धि करने तथा शहरी क्षेत्रों के मकानों का सही माप कर गणना करने तथा उस हिसाब से बकाया करों की वसूली के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं राजस्व अमले के साथ समीक्षा कर निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके लिए निगमायुक्त द्वारा संभागवार एवं वार्डवार किरायेदारों की जानकारी भी एकत्रित कराई जा रही है, ताकि राजस्व निकार्ड में सभी चीजें सही तरीके से दर्ज किया जा सके। मकानों का सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे ने वार्ड क्रमांक 57 महर्षि महेश योगी वार्ड में किरायदारी एवं अतिरिक्त निर्माण का मुख्यालय स्तर पर टीम लेकर 6 स्थानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें दो मकानों में किरायेदारी पायी गई और एक मकान में प्रथम तल के रूप में अतिरिक्त निर्माण पाया गया, जो कि नगर निगम के ई-नगर पालिका में दर्ज नहीं होना पाया गया। श्री सनखेरे ने बताया कि प्रभारी राजस्व निरीक्षक राम सजीवन विश्वकर्मा एवं टैक्स कलेक्टर मनीष शर्मा, की लापरवाही पायी गई और निगम को आर्थिक क्षति पहुँचाई है। उपायुक्त पी.एन. सनखेरे की रिपोर्ट पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने प्रभारी राजस्व निरीक्षक राम सजीवन विश्वकर्मा और टैक्स कलेक्टर मनीष शर्मा को नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के समय टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

जबलपुर। थाना केण्ट में गेरीसन ग्राउण्ड सदर में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पर पहुॅची पुलिस को

खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को किया गया विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के तत्वाधान में एवं संपदा इंस्टीट्यूट फॉर सोशल अवेयरनेस समिति भोपाल के माध्यम से जबलपुर में विज्ञान संकाय से उच्च शिक्षित युवाओं को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण पर आधारित उद्योगों पर तकनीकी उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किया गया । जिसकी पूर्णता पर सफल प्रतिभागिता रखने वाले प्रतिभागियों को आज दिनांक 9/1/2025 को प्रमाण पत्रों का वितरण , पोस्ट हार्वेस्टिंग एंड फूड साइंस डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ मोहन सिंह द्वारा किया गया इस अवसर पर संपदा इंस्टीट्यूट भोपाल के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शीलेष मालवीय एवं सुरेंद्र सिंह राजपूत का सक्रिय सहयोग प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रदान किया गया ।इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कई प्रतिभागियों ने अपना स्वयं का स्टार्टअप स्टार्ट करने हेतु अपनी रूपरेखा तैयार की एवं उसे मूर्त रूप देने में अपने कदम आगे बढ़ाएं जिससे कि यह प्रशिक्षण सिर्फ प्रशिक्षण ही ना रहे बल्कि प्रतिभागी अपना खुद का स्टार्टअप अति शीघ्र प्रारंभ कर सके एवं भारत सरकार के इस प्रशिक्षण के उद्देश्यों को पूर्ण कर ,अपना स्वर्णिम भविष्य बना सके।

पमरे के अशोक नगर, मुंगावली एवं बदरवास स्टेशन पर रेलगाड़ियों के प्रायोगिक हाल्ट

जबलपुर। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 13 रेलगाड़ियों का पमरे के अशोक नगर, मुंगावली एवं बदरवास स्टेशनों पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में छ: माह के लिए ठहराव प्रदान किया गया है। जिनकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है।

प्रभावी तिथियों से अशोक नगर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसार:-

* गाड़ी संख्या 18573 विशाखपट्टणम जंक्शन-भगत की कोठी एक्सप्रेस का दिनाँक 17 जनवरी 2025 से 15 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:28/04:30 बजे रहेगा।

* गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखपट्टणम जंक्शन एक्सप्रेस का दिनाँक 12 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सुबह 09:46/09:48 बजे रहेगा।

प्रभावी तिथियों से मुंगावली स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसार:-

* गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का दिनाँक 10 जनवरी 2025 से 08 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 22:18/22:20 बजे रहेगा। * गाड़ी संख्या 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस का दिनाँक 14 जनवरी 2025 से 12 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय मध्य रात्रि 00:25/00:27 बजे रहेगा।

* गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी-शालीमार एक्सप्रेस का दिनाँक 11 जनवरी 2025 से 09 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सुबह 10:43/10:45 बजे रहेगा।

* गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस का दिनाँक 13 जनवरी 2025 से 11 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सायं 18:10/18:12 बजे रहेगा।

* गाड़ी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस का दिनाँक 14 जनवरी 2025 से 12 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय प्रात: 05:23/05:25 बजे रहेगा।

* गाड़ी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस का दिनाँक 15 जनवरी 2025 से 13 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय प्रात: 06:12/06:14 बजे रहेगा।

* गाड़ी संख्या 20482 तिरुच्चिराप्पल्लि जंक्शन-भगत की कोठी हमसफ़र एक्सप्रेस का दिनाँक 12 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सायं 16:18/16:20 बजे रहेगा।

प्रभावी तिथियों से बदरवास स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसार :- * गाड़ी संख्या 20961 उधना जंक्शन-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 14 जनवरी 2025 से 12 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 21:04/21:06 बजे रहेगा। * गाड़ी संख्या 20962 बनारस-उधना सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 16 जनवरी 2025 से 14 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय सुबह 06:35/06:37 बजे रहेगा। * गाड़ी संख्या 22193 दौण्ड जंक्शन-ग्वालियर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 13 जनवरी 2025 से 11 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात्रि 21:04/21:06 बजे रहेगा। * गाड़ी संख्या 22194 ग्वालियर -दौण्ड जंक्शन सुपरफास्ट एक्सप्रेस का दिनाँक 11 जनवरी 2025 से 09 जुलाई 2025 तक आगमन/प्रस्थान समय रात 19:18/19:20 बजे रहेगा। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

रोज़ाना की ग्रूमिंग बनेगी आसान 'हर रोज़ हैण्डसम कोड' के साथ- कार्तिक का वादा

इमामी ने पुरुषों की ग्रूमिंग को दी बोल्ड और नई पहचान- स्मार्ट एण्ड हैण्डसम

कोलकाता: इमामी लिमिटेड ने पुरूषों के लिए अपने जाने-माने ब्राण्ड 'फेयर एण्ड हैण्डसम' को नई पहचान देते हुए इसे 'स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' के रूप में रीब्राण्ड किया है। इसके साथ ही कंपनी ने बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर कार्तिक आर्यन को अपना नया ब्राण्ड अम्बेसडर बना लिया है। यह रीब्रांडिंग बहुत अधिक मायने रखती है, ब्राण्ड तकरीबन दो दशकों से मेल ग्रूमिंग मार्केट में अपनी स्थिति को मजबूत बनाए हुए है और उपभोक्ताओं की बदलती पंसद के साथ अपने आप में बदलाव लाता रहा है।

आज के युवा पुरूष अपनी त्वचा की देखभाल एवं ग्रूमिंग को प्राथमिकता देते हैं और स्मार्ट एण्ड हैण्डसम उनकी बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

'हर रोज़ हैण्डसम कोड' पुरूषों को ऐसे ग्रूमिंग समाधान उपलब्ध कराने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। ब्राण्ड के लिए युवाओं का सिर्फ अच्छा दिखना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी ज़रूरी है कि वे रोज़ाना अपने आप में भरपूर आत्मविश्वास महसूस करें। यह नई पहचान मेल ग्रूमिंग के लिए ब्राण्ड के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो उनकी सम्पूर्ण देखभाल के लिए आधुनिक समाधान लेकर आता है। रीब्रांडिंग के साथ नई पैकेजिंग पर एक खास स्टेटमेन्ट दिखाई देता है ''फेयर एण्ड हैण्डसम इज़ नाओ स्मार्ट एण्ड हैण्डसम' जिससे उपभोक्ताओं में ब्राण्ड की पहचान और इसके प्रति भरोसा और मजबूत होगा। ब्राण्ड की इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, सुपरस्टार कार्तिक आर्यन जो कि स्मार्ट एण्ड हैण्डसम का नया चेहरा बन गए हैं। अपनी यंग एनर्जी, स्टाइल और आकर्षण के लिए विख्यात कार्तिक, ब्राण्ड के मूल्यों के अनुरूप पुरूषों को रोज़ाना आकर्षक दिखने और सर्वश्रेष्ठ महसूस करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ऐसे में उनके साथ साझेदारी युवा पुरूषों के साथ ब्राण्ड के रिश्ते को और अधिक मजबूत बनाएगी।

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999

मध्यप्रदेश शासन

देश का दिल लिख रहा **विकास का नया अध्याय**

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएँ

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

24 25 फरवरी 2025, भोपाल

समिट की रूपरेखा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से शुभारंभ

- सेक्टोरल समिट
- थीमेटिक सेमिनार
- एग्जीबिशन एंड एक्सपो
- प्रवासी मध्यप्रदेश

पंजीकरण करने के लिए स्कैन करें।

www.investmp.in

D-11149/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी